RNI No. 58061/93 ▪ वर्ष - 21 ▪ अंक - 213 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » रविवार » 01-03-2026 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत



ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित

5 विदेशी निवेश किसी परिवार के लिए नहीं, राज्य के कल्याण के लिए : योगी

6 कैप्टन युद्धवीर सिंह : आम लोगों की बचे जान, इसके लिए जोखिम में डाले अपने प्राण

7 नैना के किरदार में खुद को तलाशती दिखीं संदीपा धर

## फर्स्ट टेक

### रूस ने ईरान पर इजराइल-अमेरिका के हमलों की निंदा की

**मॉस्को/एपी।** रूस के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को ईरान पर अमेरिकी-इजराइल हमलों की निंदा करते हुए इसे ''संयुक्त राष्ट्र के एक संप्रभु एवं स्वतंत्र सदस्य देश के खिलाफ पूर्व नियोजित और अकारण की गई सशस्त्र आक्रामकता'' बताया तथा सैन्य अभियान को तत्काल रोकने और कूटनीति की ओर लौटने की मांग की। मंत्रालय ने टेलीग्राम पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि वाशिंगटन और तेल अवीव ईरानी परमाणु कार्यक्रम के बारे में चिंताओं की आड़ में तेहरान में सत्ता परिवर्तन की कोशिश कर रहे हैं। इसने कहा कि हमलों से क्षेत्र में ''मानवीय, आर्थिक और संभवतः रेडियोधर्मी तबाही'' का खतरा है तथा अमेरिका और इजराइल पश्चिम एशिया को काबू न किए जा सकने वाले टकराव की ओर धकेलना चाहते हैं।

### ईरान को परमाणु हथियार बनाने की अनुमति कभी नहीं दी जानी चाहिए : ब्रिटेन

**लंदन/भाषा।** ब्रिटेन सरकार ने शनिवार को कहा कि उसने अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों में भाग नहीं लिया और संघर्ष को व्यापक क्षेत्र में फैलने से रोकने के लिए बातचीत के माध्यम से समाधान निकाला जाना चाहिए। डाउनिंग स्ट्रीट ने कहा कि प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर क्षेत्र में ब्रिटेन की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने पर चर्चा करने के लिए आपातकालीन मंत्रिस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा कि तत्काल प्राथमिकता इस क्षेत्र में मौजूद ब्रिटेन के नागरिकों की सुरक्षा है, जिन्हें चौबीसों घंटे सातों दिन राजनयिक सहायता प्रदान की जाएगी।

### यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोही लाल सागर में जहाजों पर फिर शुरू करेंगे हमले

**काहिरा/एपी।** यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने ईरान के समर्थन में समुद्री मार्गों और इजराइल पर मिसाइल एवं ड्रोन हमले फिर से शुरू करने का फैसला किया है। हूती विद्रोहियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने यह बात नाम उजागर न करने की शर्त पर कही क्योंकि हूती नेतृत्व की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि विद्रोहियों का पहला हमला आज रात ही हो सकता है। ट्रंप प्रशासन के साथ हुए एक समझौते के तहत विद्रोहियों ने लाल सागर के समुद्री मार्ग पर अपने हमले रोक दिए थे, और बदले में अमेरिका ने भी हूती विद्रोहियों के खिलाफ हमले बंद कर दिए थे।

# अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर किया हमला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**दुबई/एपी।** अमेरिका और इजराइल ने शनिवार को ईरान पर बड़ा हमला शुरू किया, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरानी जनता से ''अपने भाग्य की बागडोर अपने हाथ में लेने'' और 1979 से देश पर शासन कर रहे इस्लामी नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह करने का आह्वान किया।

ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में स्थित इजराइल और अमेरिका के सैन्य ठिकानों को मिसाइल और ड्रोन हमलों से निशाना बनाया।

### अयातुल्ला अली खामेनेई के कार्यालयों के आसपास के इलाकों में हुआ धमाका

ऐसा प्रतीत होता है कि पहला हमला ईरान सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के कार्यालयों के आसपास के इलाकों में हुआ और ईरानी मीडिया ने देशभर में हमलों की खबरें दी तथा राजधानी तेहरान से धुएं का गुबार उठता दिखाई दिया।

**■ ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में स्थित इजराइल और अमेरिका के सैन्य ठिकानों को मिसाइल और ड्रोन हमलों से निशाना बनाया।**










यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो सका कि हमलों के समय 86 वर्षीय नेता अपने कार्यालय में मौजूद थे या नहीं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने एनबीसी न्यूज से कहा कि ''जहां तक मुझे पता है'', खामेनेई और राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियन जीवित हैं।

### ट्रंप का ईरानी जनता से विद्रोह का आह्वान

वहीं, ट्रंप ने ''बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान'' शुरू होने की घोषणा करते हुए एक वीडियो के माध्यम से ईरान के लोगों से कहा, ''जब हम अपना काम पूरा कर लेंगे, तो अपनी सरकार पर कब्ज़ा कर लेना। वह तुम्हारी होगी जिसकी बागडोर तुम अपने हाथ में ले सकोगे। संभवतः आने वाली कई पीढ़ियों में यह तुम्हारे पास एकमात्र मौका होगा। कई वर्षों से आप अमेरिका से मदद मांगते रहे हैं, लेकिन आपको कभी मदद नहीं मिली।''

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी इस व्यापक लक्ष्य को दोहराया। उन्होंने कहा, ''हमारा संयुक्त अभियान बहादुर ईरानी लोगों के लिए ऐसी परिस्थितियां पैदा करेगा, जिससे वे अपने भविष्य का फैसला खुद अपने हाथों में ले सकें।''

इन हमलों ने ईरान में अमेरिकी हस्तक्षेप के एक चौंकाने वाले नए अध्याय की शुरुआत कर दी और यह आठ महीनों के भीतर दूसरी बार है जब ट्रंप प्रशासन ने इस्लामी गणराज्य के खिलाफ सैन्य बल का इस्तेमाल किया है।

अमेरिका के एक अधिकारी और हमलों के बारे में जानकारी रखने वाले एक अन्य व्यक्ति के अनुसार, जिन लोगों को निशाना बनाया गया था उनमें ईरान के नेतृत्व के सदस्य शामिल हैं।

इस बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली कि शीर्ष अधिकारी मारे गए हैं या नहीं।

### ईरान की जवाबी कार्रवाई

हमलों के जवाब में ईरान ने वैसी ही प्रतिक्रिया दी, जैसी वह कई महीनों से देने की धमकी दे रहा था। सबसे पहले उसने इजराइल को निशाना बनाते हुए मिसाइलों और ड्रोन की एक शृंखला दागी। इसके बाद उसने बहरीन, कुवैत और कतर में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए। इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात और इराक ने अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया।

संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी पर हुए हमले में ईरानी मिसाइल के नुकीले छर्रे से एक व्यक्ति की मौत हो गई। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी।

ईरान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि देश अपनी प्रतिक्रिया देने में ''जरा भी हिचकिचाएगा नहीं।'' मंत्रालय ने 'एक्स' पर जारी एक बयान में कहा, ''अब मातृभूमि की रक्षा करने और दुश्मन के सैन्य हमले का सामना करने का समय आ गया है।''

### ईरान में बालिका विद्यालय में कम से कम 57 लोग मारे गए

सरकारी समाचार एजेंसी 'इरना' के अनुसार, हवाई हमलों में एक बालिका विद्यालय में कम से कम 57 लोग मारे गए। यह हमला ईरान के होर्मोज़गान प्रांत के मीनाब शहर में हुआ जहां ईरान के अर्धसैनिक बल 'रिवोल्यूशनरी' गार्ड का एक अड्डा है। इस हमले में कम से कम 45 अन्य लोग घायल भी हुए हैं।

स्कूल पर हमले की खबर के बारे में टिप्पणी के अनुरोध पर व्हाइट हाउस और इजराइली सेना ने तत्काल कोई जवाब नहीं दिया।

संघर्ष की भयावहता का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि शनिवार दोपहर को पश्चिम एशिया में उड़ानें बाधित हुईं और शनिवार दोपहर संयुक्त अरब अमीरात की वाणिज्यिक राजधानी दुबई में हवाई रक्षा बलों ने भारी गोलाबारी की।

# आंध्रप्रदेश में पटाखा निर्माण इकाई में विस्फोट से 21 लोगों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**वेटलापलेम (आंध्र प्रदेश)/भाषा।** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में शनिवार को एक पटाखा निर्माण इकाई में हुए विस्फोट में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई और आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आंध्र प्रदेश के मंत्री कंडुला दुर्गेश ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के घटनास्थल का दौरा कर सकते हैं।

मंत्री ने पत्रकारों को बताया, जहां तक मुझे पता है, यहां (घटनास्थल पर) 21 शव देखे गए हैं। आठ अन्य लोगों का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। निर्माण इकाई में लगभग 30 लोग थे। उन्होंने कहा, यह राज्य का सबसे बड़ा विस्फोट है। पूरी जानकारी मिलनी अभी बाकी है।



किसी के भी बचने की कोई संभावना नहीं है। कुछ लोगों का इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारी आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं। सभी मजदूर समाज के गरीब तबके से थे। मुख्यमंत्री परिवारों को सहायता देने के संबंध में निश्चित रूप से निर्णय लेंगे। उन्होंने बताया, लेकिन हम जिंदगियां वापस नहीं ला सकते। मुझे पता चला है कि विस्फोट के समय इकाई में काफी मात्रा में स्टॉक मौजूद था।

### मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 20 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को काकीनाडा जिले में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट में मारे गए लोगों के परिजनों के लिए 20 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की। नायडू ने कहा कि घटना की जांच कराई जाएगी।

## एएआईबी ने बारामती विमान दुर्घटना पर प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की

**नई दिल्ली/भाषा।** वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) ने बारामती विमान दुर्घटना पर अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट में शनिवार को सिफारिश की कि विमानन नियामक डीजीसीए अनियमित हवाईअड्डों पर वीएफआर उड़ानें संचालित करने वाले सभी संचालकों को निर्धारित मानक संचालन प्रक्रियाओं का सख्ती से पालन करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी कर सकता है। इस दुर्घटना पर अपनी 22 पृष्ठ की प्रारंभिक रिपोर्ट में एएआईबी ने कहा कि तथ्यों और दुघर्टना के मूल कारणों वाले कारकों को सामने लाने के लिए सभी पहलुओं की जांच की जाएगी। एएआईबी ने कहा, ''अब तक प्राप्त अंतरिम निष्कर्षों को देखते हुए, विमानन सुरक्षा को बढ़ाने के लिए तत्काल आवश्यक निवारक कार्रवाई करने के लिए निम्नलिखित अंतरिम सुरक्षा सिफारिशें जारी करना आवश्यक समझा जाता है।''

# केवल शिक्षक ही व्यक्तियों को असाधारण नागरिकों में बदल सकते हैं : सिद्दरामय्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु/भाषा।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने शिक्षकों से एक बेहतर समाज के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह करते हुए शनिवार को कहा कि केवल शिक्षकों के पास ही साधारण व्यक्तियों को असाधारण नागरिकों में बदलने की शक्ति है।

सिद्दरामय्या ने त्रिपुरा वासिनी पैलेस ग्राउंड में राज्य स्तरीय शैक्षिक महा सम्मेलन और कर्नाटक राज्य प्राथमिक विद्यालय शिक्षक संघ के स्वर्ण जयंती समारोह का उद्घाटन करते हुए कहा कि शिक्षक राष्ट्र के भविष्य के निर्माता हैं।

उन्होंने कहा, स्वतंत्रता के समय साक्षरता दर मात्र 12 से 15 प्रतिशत थी। आज यह बढ़कर 74 प्रतिशत हो गई है। हमें यह प्रश्न करना चाहिए कि क्या हम सामाजिक मुद्दों से संबंधित



गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। यह शिक्षकों की गलती नहीं है। गहरी जड़ें जमा चुकी जाति व्यवस्था के कारण हम शिक्षा में अपेक्षित परिवर्तन लाने में सक्षम नहीं हो पाए हैं।

वैज्ञानिक और तर्कसंगत शिक्षा की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि संविधान ऐसे शिक्षा के माध्यम से व्यक्तियों के जिम्मेदार विकास की कल्पना करता है। उन्होंने कहा, ''समाज अभी भी जाति, अंधविश्वास और दकियानूसी प्रथाओं से जकड़ा हुआ है। शिक्षा को इन प्रथाओं को समाप्त करने में सहायक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी वर्गों के मुख्यधारा में शामिल होने के लिए असमानता का अंत होना आवश्यक है। उन्होंने महात्मा गांधी के इस विचार को याद किया कि विकास तभी संभव है जब बुद्धि, करुणा और कौशल एक साथ मिलें। उन्होंने कहा, केवल शिक्षक ही तर्कसंगत और वैज्ञानिक शिक्षा प्रदान कर सकते हैं। केवल शिक्षकों में ही साधारण लोगों को असाधारण व्यक्तियों में बदलने की शक्ति होती है।

## अफगान तालिबान के लगभग 352 लड़ाके मारे गए : पाकिस्तान



**इस्लामाबाद/भाषा।** पाकिस्तानी अधिकारियों ने कहा कि अफगान तालिबान और उससे संबद्ध आतंकवादी समूहों के लगभग 352 लड़ाके उनके खिलाफ जारी अभियान में मारे जा चुके हैं। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तरार ने अफगान तालिबान को हुए नुकसान की जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक तालिबान के 352 लड़ाके मारे जा चुके हैं और 535 अन्य घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन गजब-लिल-हक' के दौरान पाकिस्तानी सेना ने 130 सैन्य चौकियों को पूरी तरह नष्ट कर दिया, जबकि 26 सीमा चौकियों पर कब्जा कर लिया।

तरार ने कहा कि 171 टैंक और बख्तरबंद वाहन नष्ट हो गए हैं, साथ ही पाकिस्तान ने हवाई हमलों में 41 ठिकानों को निशाना बनाया है। पाकिस्तान ने यह बड़ा जवाबी हमला तब शुरू किया, जब अफगानिस्तान ने 2,600 किलोमीटर से अधिक लंबी सीमा पर एक साथ 53 स्थानों पर हमला किया। सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने शुक्रवार शाम आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अफगान तालिबान को पाकिस्तान और आतंकवादी संगठनों के बीच चुनाव करना होगा।

| | |
|---|---|
| 01-03-2026 सूर्यास्त 6:28 बजे | 02-03-2026 सूर्योदय 6:35 बजे |
| BSE 81,287.19 (-961.42) | NSE 25,178.65 (-317.90) |
| सोना 17,372 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 305,070 रु. प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**
**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### जमानती खेल

कौन जमानत दे किसकी,
सारे रिमांड पर चढ़े हुए।
कब्रों के मुर्दे जिन्न हुए,
जो थे चित्रों में मढ़े हुए।
ईडी हो या सीबीआई,
सबके सवाल हैं गढ़े हुए।
वे स्वयं अँगूठा दिखा रहे,
जो कानूनों को पढ़े हुए।।

# मुस्लिम लीग-माओवादी कांग्रेस बन गई है आईएनसी : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जयपुर/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एआई इम्पैक्ट समिट' के दौरान कांग्रेस की युवा शाखा के कार्यकर्ताओं के विरोध-प्रदर्शन को लेकर शनिवार को विपक्षी दल पर तीखा हमला बोला और कहा कि कांग्रेस अब 'इंडियन नेशनल कांग्रेस' (आईएनसी) नहीं रही बल्कि एमएमसी यानी 'मुस्लिम लीग-माओवादी कांग्रेस' बन गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दुनिया भर के मेहमानों के सामने देश को बदनाम करने की कोशिश की है।

राजस्थान में अजमेर के कायड़ विश्राम स्थल पर एक जनसभा में मोदी ने कहा कि मुस्लिम लीग भारत से नफरत करती थी, इसलिए उसने





देश को बांट दिया और आज कांग्रेस भी वही कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया, कांग्रेस, पूरे देश में लगातार चुनाव हार रही है और गुस्से में वो इसका बदला भारत को बदनाम करके ले रही है। मोदी ने इस अवसर पर 16,600 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब पूरी दुनिया भारत की प्रशंसा करती है तो देश के लोगों को गर्व होता है लेकिन कांग्रेस वैश्विक मंचों पर देश की बेइज्जती करने की कोशिश करती है। उन्होंने हाल ही में दिल्ली में 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में कांग्रेस की युवा शाखा के कार्यकर्ताओं के कमीज उतारकर किए गए प्रदर्शन की ओर इशारा किया। इस आयोजन के दौरान युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता 20 फरवरी को मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीरों वाली सफेद टी-शर्ट लेकर आयोजन स्थल में घुसे। इन पर एप्स्टीन फाइल्स और पीएम इज कॉम्प्रोमाइज्ड जैसे नारे भी लिखे हुए थे।

### साणंद में माइक्रोन टेक्नोलॉजी के सेमीकंडक्टर संयंत्र का उद्घाटन

**साणंद/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के साणंद में माइक्रोन टेक्नोलॉजी के सेमीकंडक्टर संयंत्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सॉफ्टवेयर में अपनी ताकत के लिए पहचाने जाने के बाद अब देश हार्डवेयर क्षेत्र में भी अपनी विशिष्ट पहचान मजबूती से स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका स्थित कंपनी के एटीएमपी (संयोजन, परीक्षण, अंकन और पैकेजिंग) संयंत्र का उद्घाटन भारत और अमेरिका के बीच गहरी साझेदारी को दर्शाता है।

# भारतीय किसानों को बर्बाद कर देगा भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौता : राहुल गांधी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बरनाला (पंजाब)/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को दावा किया कि भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौता भारतीय किसानों को बर्बाद कर देगा।

गांधी ने पंजाब के बरनाला में ''मजदूर किसान महारैली'' को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कृषि क्षेत्र को खोलने को लेकर असहमति के कारण यह समझौता चार महीने से रुका हुआ था। उन्होंने कहा, ''सवाल उठता है कि जो काम प्रधानमंत्री ने चार महीने तक नहीं किया, वह उन्होंने 15 मिनट में कैसे कर दिया?''


लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने सवाल किया कि व्यापार समझौता अचानक क्यों किया गया।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को गारंटी दी थी कि भारत हर साल नौ लाख करोड़ रुपए के अमेरिकी उत्पाद खरीदेगा। उन्होंने कहा कि यह समझौता ''भारतीय किसानों को बर्बाद कर देगा''।

राहुल गांधी ने रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि हाल ही में राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद उन्हें लोकसभा में बोलने की अनुमति नहीं दी गई क्योंकि वह पूर्व सेना प्रमुख मनोज नरवणे के संस्मरणों पर टिप्पणी करना चाहते थे।

राहुल गांधी ने कहा कि उनका इरादा जनरल नरवणे (सेवानिवृत्त) की एक अप्रकाशित पुस्तक का उल्लेख करने का था, जिसमें, उनके (नरवणे) दावे के अनुसार, सीमा के निकट चीनी सैनिकों की गतिविधियों के दौरान राजनीतिक नेतृत्व की प्रतिक्रिया की कमी का वर्णन किया गया है।

## सहज स्मृति योग



व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाटस अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।

**प्रश्न:** गुरुजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आने से मानव के लिए क्या क्या अप्रासंगिक होने वाला है ?

**उत्तर :** पता नहीं आप कितने आगे के समय की स्थिति जानना चाहते हैं, पर, चैतन्य को विकसित करने में असमर्थ होने के अतिरिक्त क्रत्रिम बुद्धिमत्ता सब कुछ करने में परम चैतन्य मनुष्यों की सहायक सिद्ध होगी। कालांतर में मनुष्य केवल ध्यान और समाधि जैसे चैतन्य के अनुभवों को ही अपनी प्राथमिकता जान लेगा । लेकिन यह युग कब तक आएगा, यह भला कौन कह सकता है। यद्यपि साधु संत संकेत तो करते ही हैं कि ध्यान आदिक सब सतयुग के आने की निशानी है।

# छत्तीसगढ़ में 25.28 लाख किसानों के खातों में 10,324 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का अंतरण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रायपुर/भाषा।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को बिलासपुर जिले में कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत राज्य के 25.28 लाख किसानों के खातों में 10 हजार 324 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का अंतरण किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बिल्हा विकासखंड के रहंगी गांव में कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत आयोजित आदान सहायता राशि वितरण समारोह और वृहद किसान सम्मेलन में राज्य के 25.28 लाख किसानों के खातों में 10,324 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का अंतरण किया। इनमें बिलासपुर जिले के एक लाख 25 हजार 352 किसान शामिल हैं, जिनके खातों में 494.38 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने जिले के विकास को नई गति देते हुए 15.99 करोड़ रुपए की लागत से पूर्ण हुए सात विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 247.18 करोड़ रुपए की लागत के 82 विकास कार्यों का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि आज का दिन किसान भाइयों के सम्मान का दिन है, प्रदेश के 25 लाख 28 हजार से अधिक किसानों ने धान बेचा है और कृषक उन्नति योजना के माध्यम से आज 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि किसानों के खातों में अंतरित की गई है।

साय ने कहा कि किसान भाई होली का त्योहार अच्छे से मनाएं, इसलिए होली के पूर्व यह राशि प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा, ''हमारी सरकार किसान हितैषी सरकार है और किसानों की चिंता करते हुए उनके लिए प्रगतिशील योजनाएं लाई गई हैं।

इस बार किसानों को बारदाने की कोई समस्या नहीं हुई और किसानों के खातों में राशि भी समय पर पहुंची है।'' साय ने कहा कि सरकार ने शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर किसानों को ऋण लेने की सुविधा प्रदान की है और आज लाखों किसान 'किसान क्रेडिट कार्ड' का लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्य में किसानों को धान की सर्वाधिक कीमत देने की व्यवस्था की गई है, जो अन्यत्र कहीं नहीं है।



# केजरीवाल आबकारी नीति मामले में आरोपमुक्त होने के बाद हनुमान मंदिर पहुंचे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल दिल्ली की एक अदालत द्वारा आबकारी नीति मामले में आरोपमुक्त किए जाने के एक दिन बाद शनिवार को कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे।

पार्टी के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सत्ताधारी पार्टी दावा कर रही है कि यह आदेश अधीनस्थ अदालत का है और उच्च न्यायालय में अपील का विकल्प अब भी मौजूद है, लेकिन ''सर्वोच्च अदालत भगवान हनुमान हैं, जिनका हम पर आशीर्वाद है।'' भारद्वाज ने कहा कि पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व रविवार को जंतर–मंतर पर इकट्ठा होगा, जहां केजरीवाल सभा को संबोधित करेंगे और भविष्य की रणनीति बताएंगे। दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और 21 अन्य लोगों को निरस्त हो चुकी आबकारी नीति से जुड़े मामले में आरोपमुक्त कर दिया। मंदिर में दर्शन के लिए केजरीवाल के साथ सिसोदिया, राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और दुर्गेश पाठक समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद थे। कोंडली से विधायक कुलदीप कुमार ने कहा कि केजरीवाल ईमानदार हैं और भगवान बजरंगबली के आशीर्वाद से उन्हें राजनीतिक लड़ाई में मजबूती मिली है। उन्होंने आरोप लगाया कि सीबीआई की कोई भी अपील भाजपा के इशारे पर होगी।

# घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या जनवरी में 4.36 प्रतिशत बढ़कर 152.49 लाख हुई



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** देश के भीतर हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या जनवरी 2026 में वार्षिक आधार पर 4.36 प्रतिशत बढ़कर 152.49 लाख रही, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। शुक्रवार देर शाम जारी आंकड़ों के अनुसार, इंडिगो, एयर इंडिया समूह, स्पाइसजेट और अकासा एयर सहित प्रमुख घरेलू विमानन कंपनियों ने जनवरी 2025 में कुल 146.11 लाख यात्रियों को सेवाएं दी थीं।

दिसंबर में पायलटों के विश्राम और ड्यूटी अवधि के कड़े नियमों के कारण परिचालन संबंधी बाधाओं का सामना करने वाली इंडिगो ने अपनी बाजार हिस्सेदारी फिर से हासिल कर ली है। कंपनी 63.6 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी और 97.04 लाख यात्रियों के साथ शीर्ष पर रही। इसके विपरीत, एयर इंडिया समूह की बाजार हिस्सेदारी पिछले महीने की तुलना में लगभग तीन प्रतिशत घटकर 26.5 प्रतिशत (40.34 लाख यात्री) रह गई। विमान में सीटों के भरने की दर (पीएलएफ) के मामले में अकासा एयर 93.2 प्रतिशत के साथ सबसे आगे रही, जबकि इंडिगो 87.7 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रही। पीएलएफ यह मापता है कि विमान की कुल क्षमता का कितना उपयोग किया गया है।

आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2026 में घरेलू उड़ानों के रद्द होने की कुल दर 1.44 प्रतिशत रही। वहीं, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद और बेंगलूरु जैसे छह प्रमुख महानगरीय हवाई अड्डों से समय पर परिचालन के मामले में इंडिगो 70.9 प्रतिशत के साथ सबसे बेहतर रही।

# अदालत के आदेश के बाद केजरीवाल 'ओवरएक्टिंग' कर रहे हैं, लेकिन लोग सच्चाई जानते हैं : कपिल मिश्रा



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के कानून मंत्री कपिल मिश्रा ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर आबकारी नीति मामले में अदालत से राहत मिलने के बाद 'ओवरएक्टिंग' करने का शनिवार को आरोप लगाया और कहा कि दिल्ली की जनता ''सच्चाई'' जानती है।

मिश्रा ने एक प्रेसवार्ता में कहा कि केजरीवाल ने सत्ता में रहते हुए भी इसी तरह के ''नाटक'' किए थे। मिश्रा ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय द्वारा उठाए गए गंभीर सवालों के बावजूद केजरीवाल ''सच का पदक पहन कर घूमते रहे'' और निचली अदालत के फैसले का जश्न मना रहे हैं। मिश्रा ने कहा, ''क्या यह सच नहीं है कि जब केजरीवाल के खिलाफ आबकारी मामला सामने आया, तो शराब नीति वापस ले ली गई? अगर नीति ईमानदारी पर आधारित थी, तो इसे वापस क्यों लिया गया?'' भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने से पहले आम आदमी पार्टी (आप) के नेता रहे मिश्रा ने कहा कि इस मामले के बाद, केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कई मोबाइल फोन नष्ट कर दिए तथा शराब के थोक विक्रेताओं के लिए कमीशन पांच प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत कर दिया गया। उन्होंने कहा, ''सबसे बड़ा न्याय जनता की अदालत में होता है और मतदाताओं ने पिछले साल आम आदमी पार्टी की सरकार को नहीं चुना था।'' उन्होंने कहा कि इस मामले में उच्च न्यायालय के फैसले का अभी इंतजार है। मिश्रा ने वहां की आम आदमी पार्टी की सरकार के बारे में कहा, ''पंजाब भी अपना जवाब देगा।''

# मार्च- मई के बीच देश के अधिकांश हिस्सों में रह सकता लू का कहर : आईएमडी

**नई दिल्ली/भाषा।** इस साल मार्च से मई महीने के बीच देश के अधिकांश हिस्सों में लू से प्रभावित दिनों की संख्या सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को अपने मासिक पूर्वानुमान में यह जानकारी दी।

आईएमडी के मुताबिक इन क्षेत्रों में पश्चिमी राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, दक्षिणी और पूर्वी महाराष्ट्र, पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिमी बंगाल में गंगा के मैदान, ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और उत्तरी कर्नाटक और उत्तरी तमिलनाडु के कुछ हिस्से शामिल हैं।

हालांकि, मार्च में पूर्वोत्तर, पूर्वी और पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र के कुछ हिस्सों, मध्य और प्रायद्वीपीय भारत को छोड़कर देश के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना है। आईएमडी ने कहा, ''ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि मार्च के दौरान भारत में औसत वर्षा सामान्य रहने की संभावना है।''

इसके मुताबिक भारत में इस वर्ष फरवरी में वर्ष 2001 के बाद सबसे कम बारिश दर्ज की गई

आईएमडी के मुताबिक, ''फरवरी माह में पूरे भारत में कहीं शीत लहर नहीं चली, दिन का तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया।

# पंजाब में आतंकी गिरोह का भंडाफोड़ करके आईईडी जब्त किया, दो व्यक्ति गिरफ्तार

**चंडीगढ़/भाषा।** पंजाब पुलिस ने शनिवार को कहा कि उसने विदेश स्थित एक आतंकी गिरोह का भंडाफोड़ करके दो लोगों को गिरफ्तार करने के साथ आरडीएक्स से भरा और पूरी तरह से तैयार एक परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद किया है। इसके साथ ही पुलिस ने एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम करने का दावा किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि एसएएस नगर पुलिस की राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ (एसएसओसी) ने खुफिया जानकारी के आधार पर एक अभियान चलाया और एक विदेशी आतंकी गिरोह का भंडाफोड़ किया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान लगभग 2.5 किलोग्राम वजन का एक पूरी तरह से तैयार किया गया आरडीएक्स से भरा आईईडी, जिसमें दोहरे विस्फोट तंत्र (रिमोट और टाइमर) लगे थे, एक ग्लॉक पिस्तौल और गोला–बारूद बरामद किया गया।



# इंडिगो ने पश्चिम एशिया की अपनी उड़ानें स्थगित कीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** ईरान पर अमेरिका–इजराइल द्वारा किए गए हमले और जवाब में उसके द्वारा विभिन्न देशों में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाए जाने के बाद पैदा हुई स्थिति के मद्देनजर विमानन कंपनी इंडिगो ने शनिवार को प. एशिया के लिए अपनी उड़ानें अस्थायी रूप से निलंबित कर दीं।

इंडिगो ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, '' ईरान और पश्चिम एशिया के आसपास के हवाई क्षेत्र प्रतिबंधित किए जाने के मद्देनजर इलाके में आने–जाने वाली सभी उड़ानें भारतीय समयानुसार रात 12 बजे तक रद्द कर दी गई हैं।'' एक सूत्र के अनुसार, दुबई, जेद्दा, दोहा, अबू धाबी, दम्माम, बहरीन, शारजाह, कुवैत और रस अल–खैमाह से आने–जाने वाली सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। विमानन कंपनी ने कहा कि उसके लिए यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है इसीलिए ये उपाय लागू किए गए हैं। इसने कहा, ''हमारी टीमें लगातार बदलती स्थिति पर नजर रख रही हैं और व्यवधान को यथासंभव कम करने के लिए परिचालन को पुनर्व्यवस्थित कर रही हैं।''

इस बीच, एअर इंडिया एक्सप्रेस ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र के कुछ हिस्सों में उत्पन्न हो रही स्थिति को देखते हुए, उसने पश्चिम की ओर जाने वाली सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को निलंबित कर दिया है। विमानन कंपनी ने बयान में कहा,''हम बदलती स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं और जरूरत के हिसाब से अपने परिचालन की समीक्षा और उसमें बदलाव करेंगे।'' बाद में, एअर इंडिया ने एक बयान में कहा कि क्षेत्र में उत्पन्न हो रही स्थिति को देखते हुए उसने पश्चिम एशिया जाने वाली अपनी सभी उड़ानें निलंबित कर दी हैं। एअर इंडिया ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, '' पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में उत्पन्न हो रही स्थिति को देखते हुए, उस क्षेत्र के सभी गंतव्यों के लिए एअर इंडिया की सभी उड़ानें निलंबित कर दी गई हैं।''

# मध्यस्थता ढांचा काफी परिपक्व हो चुका है, पर चुनौतियां बाकी : सीजेआई सूर्यकांत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अहमदाबाद/भाषा।** भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि भारत का मध्यस्थता ढांचा काफी परिपक्व हो चुका है, फिर भी विश्वास कायम करने, संस्थागत क्षमता को मजबूत करने और योग्य मध्यस्थ पेशेवर तैयार करने में महत्वपूर्ण चुनौतियां बनी हुई हैं।

अहमदाबाद में गुजरात उच्च न्यायालय मध्यस्थता केंद्र (जीएचएसी) की आधारशिला रखने के बाद प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि भारत को विश्व के अग्रणी मध्यस्थता केंद्रों के मानकों और उन पक्षों की वैध अपेक्षाओं के अनुरूप खुद को आंकना चाहिए, जो मुकदमेबाजी से बेहतर और तेज समाधान की उम्मीद में मध्यस्थता का विकल्प चुनते हैं। उन्होंने इसी कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के संबोधन का उल्लेख किया, जिसमें मुख्यमंत्री ने भारत के कानूनी और न्यायिक ढांचे,खासकर गुजरात जैसे राज्य के लिए संस्थागत मध्यस्थता के बढ़ते महत्व पर जोर दिया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''भारत का मध्यस्थता ढांचा अब काफी परिपक्व हो चुका है। मध्यस्थता अधिनियम में विधायी सुधारों ने न्यायिक हस्तक्षेप को कम से कम करने, समयबद्ध कार्यवाही और नियुक्तियों में निष्पक्षता पर जोर दिया है। साथ ही, न्यायिक निर्णयों ने पक्षकारों की स्वायत्तता को मजबूत किया और सैद्धांतिक अनिश्चितताओं को स्पष्ट किया है।'' हालांकि, उन्होंने कहा कि प्रगति के बावजूद मौजूदा चुनौतियां समाप्त नहीं हुई हैं। उन्होंने कहा कि संस्थागत मध्यस्थता अभी भी उतनी व्यापक नहीं है, जितनी होनी चाहिए, और बहुत से विवाद अब भी अस्थायी (एड हॉक) तरीकों से हल किए जाते हैं। इसके अलावा, कई संस्थागत मध्यस्थता के मामले अभी भी भारत के बाहर निपटाए जाने को प्राथमिकता देते हैं। विश्वास बनाने, दक्षता विकास और प्रशिक्षित पेशेवरों की उपलब्धता जैसी चुनौतियों की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, हमारे सामने सवाल यह नहीं है कि मध्यस्थता संभव है या नहीं, बल्कि सवाल यह है कि क्या हमारी संस्थागत मध्यस्थता और इसके लिए बनाए गए संस्थान पर्याप्त भरोसा पैदा करते हैं, ताकि वे सबसे सुलभ विकल्प और स्थान बन सकें। पहली चुनौती 'विश्वास' पर बात करते हुए, प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि संस्थागत मध्यस्थता तभी सफल होती है, जब उपयोगकर्ता इस पर सच्चे दिल से भरोसा करें। उन्होंने कहा, ''मध्यस्थों की नियुक्ति में निष्पक्षता पर विश्वास, प्रक्रिया की शुचिता पर विश्वास, और निर्णयों के पालन पर विश्वासयह भरोसा केवल कागज पर बने नियमों से नहीं बनता। यह समय के साथ लगातार, पारदर्शी और स्पष्ट रूप से निष्पक्ष व्यवहार से बनता है।'' उन्होंने कहा कि दूसरी चुनौती क्षमता है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''भारत में संस्थागत मध्यस्थता की संख्या देश में उत्पन्न होने वाले वाणिज्यिक विवादों की तुलना में बहुत कम है। कई पक्ष अब भी अस्थायी मध्यस्थता या अदालतों का सहारा लेते हैं क्योंकि संस्थाओं ने अभी तक यह साबित नहीं किया है कि वे कितनी उपयोगी हैं।''



# राहुल का कांग्रेस में गुटबाजी पर दो टूक : टीम का हिस्सा बनें नहीं तो रिजर्व में बैठा दिया जाएगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बरनाला (पंजाब)/भाषा।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को पार्टी नेताओं को चेतावनी दी कि यदि वे टीम का हिस्सा नहीं बन सकते तो उन्हें रिजर्व में बैठा दिया जाएगा।

राहुल गांधी का यह बयान पंजाब कांग्रेस के नेताओं के बीच पूर्व में सामने आई आंतरिक कलह के संदर्भ में आया है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कोई एक खिलाड़ी मैच नहीं जीत सकता। उन्होंने 'टीम वर्क (मिलकर काम करने)' के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, ''नेता कितना भी बड़ा क्यों न हो, कोई भी पार्टी से बड़ा नहीं होता''। पंजाब विधानसभा के लिए अगले साल की शुरुआत में चुनाव होने हैं। राहुल गांधी ने कहा कि पार्टी में कार्यकर्ता सर्वोपरि हैं और सभी निर्णय उन्हें साथ लेकर ही लिए जाएंगे। गांधी राज्य के राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मालवा क्षेत्र में 'किसान महाचौपाल' रैली को संबोधित कर रहे थे। पंजाब विधानसभा की कुल 117 सीट में से 69 सीट इसी मालवा क्षेत्र में आती हैं। उन्होंने अपने संबोधन के समापन में पार्टी की राज्य इकाई का स्पष्ट रूप से जिक्र करते हुए कहा, ''मैं कांग्रेस पार्टी को यह संदेश भी देना चाहता हूं कि काम टीम भावना से ही होता है। एक खिलाड़ी मैच नहीं जीत सकता। हमारी पूरी टीम यहां मौजूद है।''

# हैदराबाद के एक श्रद्धालु ने टीटीडी के एसवी गोसंरक्षण ट्रस्ट को एक करोड़ रुपए दान किए

**तिरुपति/भाषा।** हैदराबाद के एक श्रद्धालु ने टीटीडी के श्री वेंकटेश्वर गोसंरक्षण ट्रस्ट को एक करोड़ रुपए दान किए हैं। दान का चेक तिरुमला के कैंप कार्यालय में तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के अध्यक्ष बी.आर. नायडू को सौंप दिया गया। मंदिर निकाय द्वारा शुक्रवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, हैदराबाद के एक भक्त, रचमल्लू वेंकट सुजित ने टीटीडी के श्री वेंकटेश्वर गोसंरक्षण ट्रस्ट को एक करोड़ रुपए दान किए हैं। एसवी गोसंरक्षण ट्रस्ट की स्थापना गायों के संरक्षण और उनके आर्थिक पहलुओं के साथ–साथ उनके धार्मिक महत्व पर जोर देने के लिए की गई थी। गोसंरक्षण ट्रस्ट को दिए गए प्रत्येक दान के बदले मंदिर प्रबंधन द्वारा भी उतनी ही राशि का योगदान दिया जाता है ताकि ट्रस्ट आत्मनिर्भर बन सके। टीटीडी तिरुपति स्थित श्री वेंकटेश्वर मंदिर का आधिकारिक संरक्षक है।

# क्या हमें उन लोगों को बख्श देना चाहिए जिन्होंने भगवान के साथ अन्याय किया : मुख्यमंत्री नायडू



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**राविवलसा (आंध्र प्रदेश)/भाषा।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को तिरुपति लड्डु घी में कथित मिलावट के मामले को लेकर वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के नेताओं पर निशाना साधा। नायडू ने पूछा कि क्या उन लोगों को बख्शा जाना चाहिए जिन्होंने कथित तौर पर भगवान के साथ अन्याय किया और उन्हें धोखा दिया।

विजयनगरम जिले के राविवलसा गांव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, न केवल हमारे साथ गलती करना बल्कि भगवान के साथ भी अन्याय करना। अगर भगवान के साथ भी विश्वासघात किया गया, तो मैं आपसे पूछ रहा हूं, क्या ऐसे लोगों को बख्शा जाना चाहिए?। तेदेपा के प्रमुख नायडू ने कहा कि वे किसी व्यक्ति को दोष नहीं देते, लेकिन गलती करने वालों को बख्शेंगे नहीं। उन्होंने तिरुपति प्रसादम की गुणवत्ता में सुधार का दावा किया। उन्होंने वाईएसआरसीपी नेताओं पर भगवान का राजनीतिकरण करने, दूसरों पर आरोप मढ़ने और बचने का प्रयास करने पर आरोप लगाया। मुख्यमंत्री के अनुसार, वर्ष 2019 और 2024 के बीच भगवान की प्रतिष्ठा और पवित्रता पर हमला करने के प्रयासों के साथ साजिश की राजनीति की गई थी। वर्ष 2024 में राज्य में राजग के विधायक दल की एक बैठक के दौरान नायडू ने आरोप लगाया था कि जब वाईएसआरसीपी राज्य में शासन कर रही थी, तब तिरुपति लड्डु बनाने के लिए घटिया सामग्री और पशु वसा का उपयोग किया गया था।

# बोत्सवाना से लाए गए नौ चीते कूनो राष्ट्रीय उद्यान पहुंचे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**श्योपुर (मप्र)/भाषा।** बोत्सवाना से लाए गए नौ चीतों को शनिवार को मध्यप्रदेश के श्योपुर स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) पहुंचाया गया, इसके साथ ही देश में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 48 हो गई है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि देश में चीतों की आबादी फिर से बढ़ाने के लिए चार वर्षीय 'चीता पुनर्वास योजना' के तहत अफ्रीका से तीसरी बार चीतों को लाया गया है। इन चीतों को भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के विमान से लाया गया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव पार्क में तैयार बाड़ों में इन चीतों को छोड़ेंगे।

श्योपुर की जनसंपर्क अधिकारी अवंतिका श्रीवास्तव ने संवाददाताओं को बताया कि बोत्सवाना से चीतों को भारतीय वायुसेना के विमान से ग्वालियर लाया गया और वहां से वायुसेना के हेलीकॉप्टरों के जरिए उन्हें केएनपी पहुंचाया गया। अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से भी चीतों को यहां लाया जा चुका है। 'प्रोजेक्ट चीता' के निदेशक उत्तम शर्मा ने कहा कि भारतीय वायुसेना ने चीतों के पुनर्वास कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाई है। वायुसेना ने फरवरी 2023 में दक्षिण अफ्रीका से तथा सितंबर 2022 में नामीबिया से चीतों को भारत पहुंचाया था। उन्होंने कहा, ''अधिक चीतों के आने से भारत के चीता पुनर्वास कार्यक्रम को मजबूती मिलेगी। केंद्र सरकार के सहयोग से हम जल्द से जल्द इनकी संख्या 50 तक पहुंचाने का लक्ष्य रखते हैं।'' शर्मा ने बताया कि तीन चीतों को गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य में स्थानांतरित किया गया है, जबकि 36 चीते कूनो में ही हैं। अधिकारियों ने कहा कि विलुप्तप्राय प्रजातियों को सामान्यत: एक ही आवास में नहीं रखा जाता, क्योंकि किसी संक्रामक बीमारी के फैलने पर पूरी आबादी को खतरा रहता है। चीता करीब सात दशक पहले भारत से विलुप्त हो गया था। पिछले वर्ष उद्यान में 12 शावकों का जन्म हुआ था, जिनमें से तीन शावकों समेत छह की मौत हो गई। इस वर्ष सात फरवरी से 18 फरवरी के बीच दो बार में नौ शावकों का जन्म हुआ। वर्ष 2023 से अब तक केएनपी में कुल 39 शावकों का जन्म हुआ है, जिनमें से 27 जीवित हैं। नामीबिया से लाई गई 'ज्वाला' और 'आशा', दक्षिण अफ्रीका से लाई गई 'गामिनी', 'वीरा' व 'निरवा' तथा भारत में जन्मी 'मुखी' ने केएनपी में शावकों को जन्म दिया है।

# नेपाल में लगातार दूसरे दिन विमान न उतर पाने के विरुद्ध बेंगलूरु हवाईअड्डे पर यात्रियों का प्रदर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उस समय अव्यवस्था की स्थिति पैदा हो गयी जब एयर इंडिया एक्सप्रेस की कथित लापरवाही और कुप्रबंधन के विरुद्ध नेपाल जाने वाले यात्रियों ने यहां प्रदर्शन किया। यात्रियों ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह 10:30 बजे बेंगलूरु से काठमांडू के लिए रवाना हुआ विमान काठमांडू में उतरने के बजाय वापस लौट आया और यात्रियों को इसका कारण भी स्पष्ट नहीं किया गया। खबरों के मुताबिक, उसी विमान ने शुक्रवार सुबह फिर से उड़ान भरी, लेकिन एक बार फिर यह काठमांडू में उतरने में विफल रहा और उसे लखनऊ की ओर मोड़ दिया गया। यात्रियों ने आरोप लगाया कि लखनऊ में उतरने के बाद उन्हें कई घंटों तक विमान के अंदर ही बैठाए रखा गया। यहां एक यात्री ने शुक्रवार को अपने विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा, ''हमें घंटों तक बिना उचित जानकारी दिए विमान के अंदर ही रखा गया। किसी ने भी स्पष्ट रूप से यह नहीं बताया कि क्या हो रहा है।'' लंबे इंतजार और थकावट के बाद यात्रियों ने विमान के अंदर विरोध प्रदर्शन किया, जिससे विमानन कंपनी को उन्हें वापस बेंगलूरु ले जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। यहां पहुंचने के बाद कई यात्री हवाई अड्डे पर आव्रजन क्षेत्र के पास विरोध प्रदर्शन करने के लिए बैठ गए और उन्होंने दो दिनों के अपने समय की हुई बर्बादी के कारण नाराजगी जताई।

प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि उन्हें कुल मिलाकर 30 घंटे से अधिक समय तक विमान के अंदर बंद रखा गया और उन्होंने एयरलाइन पर खराब समन्वय तथा खराब संचार का आरोप लगाया। यहां एक अन्य यात्री ने कहा, ''नेपाल की हमारी पूरी यात्रा बर्बाद हो गई। हमने इसकी योजना बहुत पहले से बनाई थी और हमें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।''

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कर्मियों ने हस्तक्षेप किया और आंदोलन कर रहे यात्रियों को शांत करने का प्रयास किया। हालांकि, कई लोगों ने विमानन कंपनी से जवाबदेही और मुआवजे की मांग करते हुए अपना धरना प्रदर्शन जारी रखा। विमान में सवार लोगों में 40 से अधिक कन्नड़ भाषी यात्री भी शामिल थे, जिन्होंने कहा कि एयरलाइन द्वारा स्थिति को प्रभावी ढंग से संभालने में कथित विफलता के कारण उनकी लंबे समय से नियोजित नेपाल यात्रा बाधित हो गई। एयरलाइन की तरफ से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

तैयारी



शनिवार को तुमकुरु के सिद्धगंगा महिला कॉलेज में पूरे राज्य के छात्रों ने द्वितीय पूयीसी एग्जाम की तैयारी करते।

# भाई डी के शिवकुमार मुख्यमंत्री बन सकते हैं, अगर यह उनके भाग्य में लिखा है : डी के सुरेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। कांग्रेस के पूर्व सांसद डी के सुरेश ने शनिवार को कहा कि उनके भाई एवं कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार, मुख्यमंत्री बन सकते हैं यदि यह उनके भाग्य में लिखा होगा। उन्होंने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनके पास विधायकों के एक वर्ग द्वारा कथित तौर पर शिवकुमार को पदोन्नत करने लिए बैठकें आयोजित करने के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

सुरेश ने नेतृत्व परिवर्तन को लेकर चल रही अटकलों को खारिज कर दिया और विधायकों के बीच हो रही चर्चाओं से खुद को दूर रखा। सुरेश ने शिवकुमार के मुख्यमंत्री बनने के सवाल का जवाब देते हुए कहा, ''जैसा कि मैंने कहा, अगर यह मेरे भाई के भाग्य में है, तो ऐसा होकर रहेगा और यदि (किस्मत में) नहीं है, तो कुछ नहीं किया जा सकता।''

शिवकुमार के प्रति वफादार कुछ कांग्रेस विधायकों ने शुक्रवार रात एक होटल में बैठक की और खबरों के अनुसार, अपने नेता को मुख्यमंत्री पद तक पहुंचाने के तरीकों पर चर्चा की। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, उन्होंने पार्टी हाईकमान को शिवकुमार को अगला मुख्यमंत्री बनाने के लिए राजी करने के उद्देश्य से दिल्ली जाने की भी योजना बनाई थी।

जब उनसे इस तरह की सभाओं और विधायकों द्वारा किसी निर्णय के लिए दबाव डालने के बारे में पूछा गया, तो सुरेश ने कहा, मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। आपको संबंधित विधायकों से पूछना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जब बैठक हुई तब वह शहर में नहीं थे।

शिवकुमार का समर्थन करने वाले विधायकों की संख्या बढ़ने के दावों पर प्रतिक्रिया देते हुए सुरेश ने कहा, ''ऐसा कुछ नहीं है। मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।'

' जब उनसे पूछा गया कि क्या सरकार के भीतर से उनके भाई को पदोन्नति देने के लिए कोई प्रयास किए जा रहे हैं, तो उन्होंने जवाब दिया, मुझे इस बारे में कुछ नहीं पता। मैं केवल वही देख रहा हूं जो आप दिखा रहे हैं। सुरेश ने आंतरिक चर्चाओं के बीच धैर्य रखने का भी आग्रह किया।

# कर्नाटक में 82 करोड़ रुपये की साइबर धोखाधड़ी के आरोप में तीन व्यक्ति गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

शिवमोग्गा। देशभर में दर्ज 352 शिकायतों और 82 करोड़ रुपये से अधिक के साइबर धोखाधड़ी मामलों के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यहां शुक्रवार को यह जानकारी दी। साइबर अपराध पुलिस थाने में आरोपियों के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66(डी) और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 318(4) और 319(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। कर्नाटक पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी 43 वर्षीय जगदीश सी ने कथित तौर पर शिकायतकर्ता विल्सन को कमीशन का लालच देकर बैंक खाता खुलवाया।

पुलिस ने बताया कि जगदीश ने बाद में विल्सन के खाते को अपने कब्जे में ले लिया और धोखाधड़ी से रकम हस्तांरित की। पुलिस ने बताया कि शिवमोगा के शरावती नगर स्थित शरदाम्मा कंपाउंड का निवासी जगदीश इलेक्ट्रॉनिक्स का व्यवसाय करता है।

पुलिस के अनुसार अन्य दो आरोपियों की पहचान चिक्कमगलुरु के शंकरपुरा निवासी मछली व्यापारी अरशद (39) और शिवमोग्गा के होसमने निवासी विपणन पेशेवर अनंत टी (34) के रूप में हुई है।

# होली पर यशवंतपुर और संतरागाछी स्टेशनों के बीच स्पेशल ट्रेन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। दक्षिण पश्चिम रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार आने वाले होली के त्यौहार के दौरान यात्रियों की ज़्यादा भीड़ को कम करने के लिए यशवंतपुर और संतरागाछी स्टेशनों के बीच स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेनें चलाएगा।

ट्रेन नंबर 06233 यशवंतपुर–संतरागाछी स्पेशल एक्सप्रेस रविवार 1 मार्च को सुबह 7.30 बजे यशवंतपुर स्टेशन से निकलेगी और सोमवार को रात 8.45 बजे संतरागाछी स्टेशन पहुँचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 06234 संतरागाछी–यशवंतपुर स्पेशल एक्सप्रेस मंगलवार को 3 मार्च को दोपहर 2.45 बजे संतरागाछी से निकलेगी और गुरुवार को सुबह 4 बजे यशवंतपुर पहुँचेगी। यह ट्रेन रास्ते में, स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में यलहंका, हिंदूपुर, धर्मावरम, अनंतपुर, गूटी, धोने, नंद्याल, गिद्दलूर, मरकापुर रोड, नरसारावपेट, गुंटूर, विजयवाड़ा, राजमुंदरी, विजयनगरम, ब्रह्मपुर, खुर्दा रोड, भुवनेश्वर, कटक, भद्रक, बालेश्वर और खड़गपुर स्टेशनों पर रुकेंगी।

इस स्पेशल ट्रेन में 20 कोच होंगे, जिसमें एक 2–टियर कोच, तीन –3–टियर कोच, नौ स्लीपर क्लास कोच, पांच जनरल सेकंड क्लास कोच और दिव्यांगजनों के लिए बने डिब्बे के साथ दो सेकंड क्लास लगेज–कम–ब्रेक वैन होंगे।

दक्षिण पश्चिम रेलवे
निविदा सूचना सं: HE-TRD-2025-26-OT-30-1
दिनांक: 23.02.2026
भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधोहस्ताक्षरी निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं:

| कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|
| नावलगुंदा रोड (एनवीडी) स्टेशन पर 1 अतिरिक्त लूप लाइन (5वां लाईन) का व्यवस्था के तहत ओएचई पर संशोधन कार्य। | रु. 1,25,94,043.40/- |

निविदाओं जमा करने की अंतिम तिथि: 24.03.2026, 11:00 बजे तक
विवरण के लिए लॉग ऑन करें www.ireps.gov.in में
वरिष्ठ विभागीय इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/ ट्रैक्शन विनियोग/हुबली
PUB/935/AAMO/PRB/SWR/2025-26
रेलओन ऐप डाउनलोड करें। रेलओन इंडियन रेलवे का ऑल-इन-वन रेलवे ऐप है। पैसेंजर अपनी उंगलियों पर आरक्षित टिकट, अनारक्षित टिकट, प्लेटफ़ॉर्म टिकट और सीज़न पास बुक कर सकते हैं, पीएनएर स्थिती परिशीलन कर सकते हैं, खाना ऑर्डर कर सकते हैं और कई दूसरी सेवाओं को एक्सेस कर सकते हैं। रेलओन ऐप से अनारक्षित टिकट बुक करने के लिए डिजिटल पेमेंट का इस्तेमाल करें और 3% तक छूट का फ़ायदा उठाएँ।
South Western Railway - SWR | SWRRLY | SWRAILWAYHQ | sw_railways

दक्षिण पश्चिम रेलवे
निविदा सूचना सं: HE-TRD-2025-26-OT-39
दिनांक: 23.02.2026
भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधोहस्ताक्षरी निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं:

| कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|
| हुबली विभाग में आशिडा मेक 25 केवी और 2x25 केवी सिंगल फेज़ 50 हर्ट्ज ट्रैक्शन पावर सप्लाई के लिए स्कैडा सिस्टम में साइबर सिक्योरिटी उपायों को लागू करना। | रु. 5,23,80,442.18/- |

निविदाओं जमा करने की अंतिम तिथि: 25.03.2026, 11:00 बजे तक
विवरण के लिए लॉग ऑन करें www.ireps.gov.in में
वरिष्ठ विभागीय इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/ ट्रैक्शन विनियोग/हुबली
PUB/934/AAMO/PRB/SWR/2025-26
रेलओन ऐप डाउनलोड करें। रेलओन इंडियन रेलवे का ऑल-इन-वन रेलवे ऐप है। पैसेंजर अपनी उंगलियों पर आरक्षित टिकट, अनारक्षित टिकट, प्लेटफ़ॉर्म टिकट और सीज़न पास बुक कर सकते हैं, पीएनएर स्थिती परिशीलन कर सकते हैं, खाना ऑर्डर कर सकते हैं और कई दूसरी सेवाओं को एक्सेस कर सकते हैं। रेलओन ऐप से अनारक्षित टिकट बुक करने के लिए डिजिटल पेमेंट का इस्तेमाल करें और 3% तक छूट का फ़ायदा उठाएँ।
South Western Railway - SWR | SWRRLY | SWRAILWAYHQ | sw_railways

दक्षिण पश्चिम रेलवे
निविदा सूचना सं: HE-TRD-2025-26-OT-27-2
दिनांक: 23.02.2026
भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधोहस्ताक्षरी निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं:

| कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|
| गनिगेरा (जिआईएन) स्टेशन पर 1 अतिरिक्त लूप लाईन का प्रावधान के संबंध में ओएचई पर संशोधन कार्य। | रु. 1,18,40,130.40/- |

निविदाओं जमा करने की अंतिम तिथि: 24.03.2026, 11:00 बजे तक
विवरण के लिए लॉग ऑन करें www.ireps.gov.in में
वरिष्ठ विभागीय इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/ ट्रैक्शन विनियोग/हुबली
PUB/938/AAMO/PRB/SWR/2025-26
रेलओन ऐप डाउनलोड करें। रेलओन इंडियन रेलवे का ऑल-इन-वन रेलवे ऐप है। पैसेंजर अपनी उंगलियों पर आरक्षित टिकट, अनारक्षित टिकट, प्लेटफ़ॉर्म टिकट और सीज़न पास बुक कर सकते हैं, पीएनएर स्थिती परिशीलन कर सकते हैं, खाना ऑर्डर कर सकते हैं और कई दूसरी सेवाओं को एक्सेस कर सकते हैं। रेलओन ऐप से अनारक्षित टिकट बुक करने के लिए डिजिटल पेमेंट का इस्तेमाल करें और 3% तक छूट का फ़ायदा उठाएँ।
South Western Railway - SWR | SWRRLY | SWRAILWAYHQ | sw_railways

बैठक




शनिवार को बेंगलूरु में मिथिक सोसाइटी में एजुकेशन पर राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रोफेसर अजय रावल, डॉ. जयराम, प्रोफेसर गंगाधर, प्रोफेसर वेणुगोपाल और अन्य।

# द्रमुक-कांग्रेस के बीच सीट-बंटवारे पर चोडणकर ने जताया विश्वास : हमारी इच्छाएं पूरी की जाएंगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के तमिलनाडु प्रभारी गिरीश चोडणकर ने शनिवार को कहा कि सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के साथ सीट–बंटवारे पर हुई औपचारिक बातचीत मैत्रीपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण रही तथा उम्मीद जताई कि कांग्रेस की इच्छाएं पूरी होंगी। चोडणकर ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच हुई बातचीत से एक–दूसरे की चिंताओं को समझने में मदद मिली और दोनों ने मुद्दों पर खुलकर चर्चा की।

द्रमुक के प्रदेश मुख्यालय 'अन्ना अरिवालयम' में लगभग एक घंटे तक चली बैठक के बाद चोडणकर ने कहा, हम दोनों पक्षों की चिंताओं को लेकर सामंजस्य बिठाने और अपने कार्यकर्ताओं के हितों की रक्षा करते हुए सर्वोत्तम परिणाम पर पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या चर्चा सत्ता के बंटवारे और सीटों की संख्या को लेकर हुई, उन्होंने पत्रकारों से कहा, हम दोनों ने स्वतंत्र रूप से एक–दूसरे की चिंताओं को साझा किया। उन्होंने राज्यसभा की एक सीट की पेशकश की थी।

चोडणकर ने कहा, जैसा कि मैंने कहा, बातचीत बहुत सौहार्दपूर्ण और मैत्रीपूर्ण रही। हमने अपनी मंशाओं को साझा किया। बातचीत पूरी होने के बाद हम जानकारी देंगे। हमें उम्मीद और विश्वास है कि हमारी इच्छाएं पूरी होंगी। यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस ने द्रमुक के साथ सत्ता बंटवारे की मांग की है, उन्होंने कहा, ''वे इस समस्या को समझते हैं। हमने मुद्दों पर खुलकर बातचीत की। हमारा पूरा जोर अब यह सुनिश्चित करने पर है कि द्रमुक की सत्ता में वापसी हो।''

कांग्रेस नेता ने दावा किया कि कई लोग राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) छोड़ रहे हैं और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का एजेंडा अन्नाद्रमुक को 'खत्म' करना है। यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस पार्टी अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी टीवीके के साथ संपर्क बनाए हुए है, उन्होंने कहा, ''हम द्रमुक के मुख्यालय में (खड़े हुए) हैं।''

कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के. सेल्वापेरुन्थागई ने इस बात से इनकार किया कि कांग्रेस ने तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के साथ भी समानांतर बातचीत शुरु की है। उन्होंने कहा कि द्रमुक, कांग्रेस की मांगों पर विचार करने के लिए सहमत हो गई है। इस बीच, द्रमुक के प्रवक्ता टी के एस एलनगोवन ने दोनों दलों के बीच संबंधों में किसी भी तरह की दरार से इनकार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व ने सदैव इस बात पर जोर दिया है कि वे द्रमुक के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) में तमिलनाडु मामलों के प्रभारी गिरीश चोडनकर, कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के. सेल्वापेरुन्थागई और एआईसीसी की सह–प्रभारी निवेदिता अल्वा के नेतृत्व में पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ सांसद टी. आर. बालू के नेतृत्व वाले द्रमुक पैनल के साथ चर्चा की।

# प्रधानमंत्री आज तमिलनाडु-पुडुचेरी का दौरा करेंगे, सुब्रमण्यस्वामी मंदिर में पूजा करेंगे

चेन्नई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार रात को चेन्नई पहुंचेंगे और एक मार्च को तमिलनाडु और पुडुचेरी के अपने एक दिवसीय व्यस्त दौरे के दौरान कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। मदुरै में वह तिरुप्पारनकुंड्रम में अरुलमिगु सुब्रमण्यस्वामी मंदिर जाएंगे और पूजा–अर्चना करेंगे। पिछले साल कार्तिगई दीपम उत्सव के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा एक दीपथून (पत्थर के स्तंभ) के ऊपर दीपक जलाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया था, क्योंकि स्थानीय अधिकारियों ने इस कदम का विरोध किया था।

मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै बेंच ने हिंदुओं को तिरुप्पारनकुंड्रम पहाड़ी पर, एक दरगाह के पास स्थित दीपथून के ऊपर दीपक जलाने की अनुमति दी और दो समुदायों के बीच संघर्ष की आशंका के लिए स्थानीय अधिकारियों को दोषी ठहराया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे दो मार्च को तिरुप्पारनकुंड्रम पहाड़ी की परिक्रमा (गिरिवालम) करें ताकि पत्थर के स्तंभ के ऊपर दीपक जलाने की मांग को पुरजोर तरीके से उठाया जा सके।

हिंदू मुन्नानी के प्रदेश अध्यक्ष कादेश्वर सुब्रमण्यम ने भी भक्तों से दो मार्च को तमिल महीने मासी में शुभ माघ नक्षत्र के साथ गिरिवालम करने की अपील की है। सुब्रमण्यम ने एक बयान में कहा, पूर्णिमा के दिन पड़ने वाला माघ नक्षत्र भगवान मुरुगन के लिए शुभ होता है।

# दलितों के बाल काटने से हज्जाम के इनकार के बाद सरकार ने सैलून खोला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

गदग। कर्नाटक सरकार ने गडग जिले के शिंगातालुर गांव में उच्च जाति के लोगों द्वारा दलितों के बाल काटने से कथित रूप से इनकार किए जाने के बाद गांव में दलितों के लिए सैलून खोला है। सामाजिक कल्याण विभाग के सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। विभाग के सूत्रों ने बताया कि गांव के दलितों को साल के एक विशेष समय के दौरान कई वर्षों से मुंडन सेवाओं से वंचित रखा जा रहा था, जिसके कारण उन्हें बाल कटवाने के लिए पड़ोसी गांवों में जाने के लिए मजबूर होना पड़ता था।

दलित निवासियों की शिकायतों के बाद, अधिकारियों ने इस मुद्दे को सुलझाने के लिए हस्तक्षेप किया और दलितों के लिए सैलून खोला गया। गांव में यह मान्यता प्रचलित थी कि वीरभद्रेश्वर स्वामी हर साल महानवमी के दौरान हडपाड़ा समुदाय के सदस्यों के घरों में आते हैं और उस समय दलितों के बाल काटना दुर्भाग्य लाता है। सूत्रों ने कहा, ''इस अंधविश्वास का हवाला देते हुए, कुछ व्यक्तियों ने दलितों को सेवाएं देना बंद कर दिया था।''

उद्घाटन



मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने शनिवार को बेंगलूरु में प्राइमरी स्कूल टीचर्स एसोसिएशन कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया।

# पन्नीरसेल्वम ने जयललिता के आदर्शों के साथ विश्वासघात किया : पीयूष गोयल

मदुरै। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम' (एआईएडीएमके) के निष्कासित नेता ओ पनीरसेल्वम के सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) में शामिल होने को लेकर उन पर शनिवार को निशाना साधते हुए कहा कि उनका यह कदम दिवंगत मुख्यमंत्री जे जयललिता के आदर्शों के साथ विश्वासघात के समान है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने कहा कि तमिलनाडु के स्वाभिमानी लोग पनीरसेल्वम के द्रमुक में शामिल होने के लिए उन्हें माफ नहीं करेंगे। एक समय अन्नाद्रमुक की दिग्गत नेता जयललिता के विश्वासपात्र रहे ओ पनीरसेल्वम अपने बेटे ओ पी रवींद्रनाथ और कुछ समर्थकों के साथ राज्य के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की मौजूदगी में शुक्रवार को द्रमुक में शामिल हो गए। यह पूछे जाने पर कि क्या पनीरसेल्वम के द्रमुक में शामिल होने से राज्य में अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को झटका लगेगा, गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि इसका चुनावी मैदान में राजग गठबंधन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रविवार को मदुरै दौरे से पहले गोयल यहां आए हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''तमिलनाडु के लोगों ने इस बात पर गौर किया है कि अन्नाद्रमुक नेता एवं दिवंगत मुख्यमंत्री जे जयललिता ने जिस व्यक्ति को इतना सम्मान, स्नेह और मुख्यमंत्री बनने का अवसर दिया, उसी ने जयललिता के दर्शन एवं उच्च आदर्शों की पीठ में छुरा घोंप दिया।''

MINISTRY OF MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES
GOVERNMENT OF INDIA
कयर बोर्ड

संविदा के आधार पर परियोजना / तकनीकी कर्मचारियों की नियुक्ति

भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के अधीन एक सांविधिक निकाय, कयर बोर्ड अपने दो अनुसंधान संस्थानों, केंद्रीय कयर अनुसंधान संस्थान, आलप्पुषा,केरल और केंद्रीय कयर प्रौद्योगिकी संस्थान, कर्नाटक,बेंगलुरु के लिए पूर्णतः संविदा के आधार पर परियोजना/तकनीकी कर्मचारियों ( 7 रिक्तियां) की नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता हैं।

आवेदक विस्तृत विज्ञापन के लिए कयर बोर्ड की वेबसाइट (www.coirboard.gov.in) पर जा सकते हैं। सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन 22 मार्च , 2026 को शाम 5.30 बजे तक या उससे पहले ऑनलाइन जमा किए जाने चाहिए।

17.02.2026
cbc25131/12/0048/2526
www.coirboard.gov.in
ह/- सचिव









# कांग्रेस ने दुनिया भर के मेहमानों के सामने देश को बदनाम करने की कोशिश की : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एआई इम्पैक्ट समिट' के दौरान कांग्रेस की युवा शाखा के कार्यकर्ताओं के विरोध-प्रदर्शन को लेकर शनिवार को विपक्षी दल पर तीखा हमला बोला और कहा कि कांग्रेस ने दुनिया भर के मेहमानों के सामने देश को बदनाम करने की कोशिश की। मोदी ने अजमेर के पास कायड़ में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश में लगातार हार रही कांग्रेस गुस्से में इसका बदला भारत को बदनाम करके ले रही है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस अब 'मुस्लिम लीगी-माओवादी कांग्रेस' बन गई है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हाल में हुई 'एआई इम्पैक्ट समिट' का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि इस भव्य आयोजन से जहां देश के लोगों को गर्व महसूस हो रहा था वहीं हताशा, निराशा में डूबी... लगातार पराजय के कारण थक चुकी कांग्रेस ने देश को बदनाम करने की कोशिश की।

मोदी ने कहा, दुनिया भर के मेहमानों के सामने कांग्रेस ने देश को बदनाम करने की कोशिश की। इन्होंने विदेशी मेहमानों के सामने देश को बेइज्जत करने के लिए पूरा 'ड्रामा' किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस पूरे देश में लगातार हार रही है और गुस्से में वो इसका बदला भारत को बदनाम करके ले रही है। प्रधानमंत्री ने कटाक्ष करते हुए कहा, कभी कांग्रेस आईएनसी यानी इंडियन नेशनल कांग्रेस थी लेकिन अब आईएनसी नहीं बची है... इंडियन नेशनल कांग्रेस नहीं बची है... आज वो आईएनसी के बजाय एमएमसी बन गई है। एमएमसी यानी मुस्लिम लीग - माओवादी कांग्रेस हो चुकी है।

मोदी ने कहा, इतिहास गवाह है कि मुस्लिम लीग भारत से नफरत करती थी और इसलिए मुस्लिम लीग ने देश को बांट दिया। आज कांग्रेस भी वही कर रही है। उन्होंने कहा, माओवादी भी भारत की समृद्धि, हमारे संविधान और हमारे सफल लोकतंत्र से नफरत करते हैं। ये घात लगाकर हमला करते हैं। कांग्रेस भी घात लगाकर देश को बदनाम करने के लिए कहीं भी घुस जाती है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस के ऐसे कुकर्मों को देश कभी माफ नहीं करेगा। मोदी ने कहा कि देश को बदनाम करना, देश की सेनाओं को कमजोर करना... ये कांग्रेस की पुरानी आदत रही है। उन्होंने कहा, यही कांग्रेस है जिसने हमारी सेना के जवानों को हथियारों व वर्दी तक के लिए तरसा के रखा था।

प्रधानमंत्री के अनुसार, बीते 11 वर्षों में भारत की सेना ने हर मोर्चे पर, आतंकियों पर, देश के दुश्मनों पर करारा प्रहार किया है। उन्होंने कहा, हमारी सेना हर मिशन, हर मोर्चे में विजयी रही है। 'सर्जिकल स्ट्राइक' से लेकर 'ऑपरेशन सिंदूर' तक सेना ने अपनी वीरता का लोहा मनवाया। लेकिन कांग्रेस के नेताओं ने इसमें भी दुश्मनों के झूठ को ही आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा, देश के लिए जो भी शुभ है, जो भी अच्छा है, जो भी देश वासियों के लिए भला करने वाला है... कांग्रेस उस सब का विरोध करती है। इसलिए देश आज कांग्रेस को सबक सिखा रहा है। राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के दो साल के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए मोदी ने यह भी कहा कि मुझे संतोष है कि आज राजस्थान विकास के नए पथ पर अग्रसर है। विकास के जिन वादों के साथ भाजपा सरकार आपकी सेवा में आई थी उन्हें तेजी के साथ पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि अब राजस्थान में 'पेपर लीक' पर लगाम लग गया है, दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो रही है।

मोदी ने इस अवसर पर कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया। इस अवसर राज्यपाल हरिभाउ बागड़े व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

## मोदी ने राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत की

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'सर्वाइकल कैंसर' के विरुद्ध राष्ट्रीय 'ह्यूमन पैपिलोमावायरस' (एचपीवी) टीकाकरण अभियान की शुरुआत शनिवार को राजस्थान के अजमेर से की। उन्होंने इस अभियान को देश की नारीशक्ति को सशक्त करने की दिशा में अहम कदम करार दिया। इसके साथ ही मोदी ने राजस्थान के लिए 16,686 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले कार्यों एवं परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। आधिकारिक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री ने कायड़ विश्रामस्थली में बने टीकाकरण स्थल से राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत की। उन्होंने नौ से 14 वर्ष की पांच बालिकाओं को एचपीवी टीका लगाए जाने के बाद उनसे संवाद भी किया। बाद में जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, आज वीरांगनाओं की इस धरती से मुझे देशभर की बेटियों के लिए एक अहम अभियान शुरू करने का अवसर मिला है। अजमेर से एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू हुआ है। ये अभियान देश की नारीशक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में अहम कदम है। आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री ने राजस्थान की जिन परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया उसमें लगभग 8,554 करोड़ रुपये की 34 परियोजनाएं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों से तथा करीब 8,132 करोड़ रुपये की नौ प्रमुख परियोजनाएं केन्द्र सरकार के राष्ट्रीय राजमार्ग और ऊर्जा विभाग से जुड़ी हैं।

## कांग्रेस पर मोदी की टिप्पणी, राजनीतिक हताशा का प्रतीक : अशोक गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कांग्रेस को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणी को उनकी राजनीतिक हताशा का प्रतीक करार देते हुए शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री को खुद को देश से बड़ा मानने की भूल नहीं करनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कायड़ (अजमेर) में एक जनसभा में आरोप लगाया कि कांग्रेस अब 'इंडियन नेशनल कांग्रेस' (आईएनसी) नहीं बल्कि एमएमसी यानी मुस्लिम लीगी-माओवादी कांग्रेस बन गई है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे देश में लगातार हार रही कांग्रेस गुस्से में इसका बदला भारत को बदनाम करके ले रही है। इस पर पलटवार करते हुए गहलोत ने एक बयान में कहा, आज अजमेर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कांग्रेस पर की गई टिप्पणी उनकी राजनीतिक हताशा का प्रतीक है। उन्होंने कहा, जिस विचारधारा ने आजादी की लड़ाई में नाखून तक नहीं कटाया, उनका गौरवशाली इतिहास वाली कांग्रेस पर देश बांटने जैसे आरोप लगाना न केवल हास्यास्पद है, बल्कि वैचारिक दिवालियेपन का प्रमाण है। गहलोत ने लिखा, मोदी जी, याद रखिए आपका विरोध करना देश का विरोध करना नहीं है। अपने आप को देश से बड़ा मानने की भूल मत कीजिए।

पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, दुखद है कि सरकारी मंच का उपयोग आपने केवल संकीर्ण राजनीति के लिए किया। उन्होंने कहा, जनता उम्मीद कर रही थी कि आप मेरे पत्र द्वारा उठाए गए जनहित के मुद्दों पर बोलेंगे। क्या आप नहीं चाहते कि राजस्थान की तरह पूरे देश को 'स्वास्थ्य का अधिकार' मिले? क्या 'गिग वर्कर्स वेलफेयर एक्ट' और शहरी रोजगार गारंटी जैसे क्रांतिकारी फैसलों पर आपकी कोई रुचि नहीं है? पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को लेकर गहलोत ने कहा, भाजपा सरकार ने ईआरसीपी का नाम बदला है, लेकिन कोई काम नहीं किया है। राजस्थान की जनता सच जानती है। गहलोत ने कहा कि पेपर लीक पर राजनीति करने के बजाय प्रधानमंत्री मोदी को राजस्थान के उस कड़े कानून की सराहना करनी चाहिए थी, जिसमें आजीवन कारावास की सजा, 10 करोड़ रुपये जुर्माना और दोषियों की संपत्ति जब्त जैसे प्रावधान हैं, जो देश में मिसाल बने हैं।

एक बयान में उन्होंने कहा, युवाओं को बरगलाने की राजनीति करने के बजाय केंद्र सरकार के स्तर से ऐसा सख्त कानून बनाने की बात करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा, राज्य सरकार तो राजस्थान में भाजपा सरकार के दौरान हुए 'ओएमआर शीट' घोटाले की जांच करने की हिम्मत तक नहीं दिखा पा रही। गहलोत ने राज्य की भाजपा सरकार पर उनकी पूर्ववर्ती सरकार की योजनाओं बंद करने का भी आरोप लगाया।

## तेंदुए के हमले में किसान की मौत

जयपुर। राजस्थान के उदयपुर जिले में सज्जनगढ़ वन्यजीव अभयारण्य के पास तेंदुए के संदिग्ध हमले में एक किसान की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार यह घटना शुक्रवार रात को जिले के बड़ी पंचायत के उपली बड़ी गांव में हुई। किसान बाबूलाल गमेती (42) रात को एक कुएं के पास सोया हुआ था। शनिवार सुबह उसका शव कुछ मीटर दूर एक खेत से मिला। बड़गांव की थाना प्रभारी किताब देवी ने कहा, किसान गेहूं की फसल की सिंचाई करने के लिए अपने खेत में गया था और कुएं के पास बने एक कमरे की छत पर सो रहा था। प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि रात में तेंदुए ने उस पर हमला किया और उसे घसीटकर ले गया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि खून के धब्बे सबसे पहले एक ग्रामीण ने देखे जो सुबह पंप चालू करने गया था। उन्होंने कहा, खून के निशान का पीछा करते हुए ग्रामीणों को खेत में एक लाश मिली और उन्होंने पुलिस को सूचित किया। इसके बाद बड़गांव थाने और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची।



## दुनिया का सबसे पुराना और समृद्ध धर्म है सनातन धर्म : राज्यपाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि सनातन धर्म, दुनिया का सबसे पुराना और समृद्ध धर्म है। इसे संरक्षित रखना और संवर्धित करना हम सभी का दायित्व है। राज्यपाल बागड़े शनिवार को बीकानेर जिले के नोखा के मूलवास-सीलवा के संत दुलाराम कुलरिया फलसा स्थित नरसी विला में आयोजित विराट हिंदू सभा को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि सनातन धर्म, हजारों वर्ष पुराना धर्म है। इस धर्म का पालन करना हम सभी का कर्त्तव्य है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म हमें जीव मात्र पर दया का भाव सिखाता है। हमारे साधु, संत और ऋषि-मुनि इस धर्म और संस्कृति से उपदेश देकर, इसे पल्लवित कर रहे हैं। जबकि दुनिया के कई धर्म और संस्कृतियां लगातार लुप्त हो रही हैं।

राज्यपाल ने कहा कि हमारे सनातन धर्म को प्रभावित करने के हजारों वर्षों तक प्रयास हुए। अनेक विदेशी आक्रांताओं ने इस पर आक्रमण किए, लेकिन हमारा सनातन धर्म हर बार अधिक मजबूत हुआ।

उन्होंने कहा कि आज से सदियों पूर्व हमारे देश में तक्षशिला और नालंदा जैसे विश्वविद्यालय थे। गांव-गांव में गुरुकुल थे, जो व्यक्ति निर्माण का काम करते थे। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने हमारी शिक्षा प्रणाली पर हमला किया। अंग्रेज मानते थे कि भारत को गुलाम बनाना है, तो इसकी शिक्षा पद्धति को ध्वस्त करना जरूरी है।

राज्यपाल ने कहा कि दुर्भाग्य से आज हम, हमारे धर्म और संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं। यह हमारे लिए नुकसानदायक है। संस्कृति के इस क्षरण को रोकना जरूरी है। उन्होंने कहा कि देश को अपना स्वर्णिम गौरव फिर से लौटाना है, तो इसमें सनातन धर्म की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी।

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने दीदी मां साध्वी ऋतंभरा के सान्निध्य में नरसी विला के मुख्य द्वार पर आयोजित कार्यक्रम में मां भारती प्रतिरूप और धर्म ध्वजा स्थापना का लोकार्पण किया।

## पत्नी और तीन बच्चों की हत्या के बाद फरार व्यक्ति राजस्थान से गिरफ्तार

नयी दिल्ली/जयपुर। दिल्ली पुलिस ने शनिवार को समयपुर बादली इलाके में अपनी पत्नी और तीन बच्चों की कथित तौर पर हत्या करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को अपने घर में पत्नी और तीन नाबालिग बच्चों की हत्या करने के बाद आरोपी मुंचुन केवट गिरफ्तारी से बच रहा था, लेकिन उसे राजस्थान के किशनगढ़ से गिरफ्तार कर लिया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केवट का पता लगाने के लिए लगभग 15 पुलिस टीम गठित की गई थीं। तकनीकी निगरानी और स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर, एक टीम ने राजस्थान में उसकी गतिविधियों का पता लगाया, जिसके परिणामस्वरूप उसे गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि उसे आगे की पूछताछ के लिए दिल्ली वापस लाया गया है। पुलिस हत्याओं के पीछे के मकसद की जांच कर रही है और सभी संभावित पहलुओं की छानबीन कर रही है। कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

**FORM IV (See Rule 8)**

Statement about ownership and other particulars about the newspaper

**DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT**

| | | |
|---|---|---|
| 1.Place of Publication | : | #6/4, Ist Floor, Cantonment Station Road, Bangalore 560 051. |
| 2.Periodicity of Publication | : | Daily |
| 3.Printer's Name | : | Devendra Sharma |
| Nationality | : | Indian |
| Address | : | #12/1, Sowrashtrapet Main Road, Bangalore 560 053. |
| 4.Publisher's Name | : | Devendra Sharma |
| Nationality | : | Indian |
| Address | : | #12/1, Sowrashtrapet Main Road, Bangalore 560 053. |
| 5.Editor's Name | : | Shreekant Parashar |
| Nationality | : | Indian |
| Address | : | #12/1, Sowrashtrapet, Bangalore 560 053. |
| 6. Names and addresses of individuals who own the newspaper and partners or shareholders holding more than one percent of the total capital | : | **Owner :** New Media Company, '6/4, Ist Floor, Cantonment Station Road, Bangalore 51. |

I, Devendra Sharma, hereby declare that the particulars given above are true to the best of my knowledge and belief.

Date : 28/02/2026
Place : Bengaluru.

Sd/
Signature of Publisher

## समाज के प्रत्येक वर्ग को राहत दे रही है भाजपा सरकार : शर्मा

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को कहा कि राज्य की डबल इंजन सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग को राहत दे रही है और विकास के लिए निरंतर काम कर रही है। राजस्थान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते हुए शर्मा ने कहा कि उन्होंने (मोदी) वैश्विक मंचों पर देशवासियों का मान बढ़ाया है। शर्मा ने अजमेर की कायड़ विश्राम स्थली में जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस सभा को प्रधानमंत्री मोदी ने भी संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी का अभिनंदन करते हुए शर्मा ने कहा कि मोदी ने दुनिया में अब तक 29 से अधिक अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से अलंकृत होकर विश्व मंच पर 140 करोड़ देशवासियों का मान बढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में 'एआई समिट' में पूरे विश्व ने देखा कि भारत भविष्य के लिए तैयार है। शर्मा ने कहा, प्रधानमंत्री के नेतृत्व और दूरदर्शी सोच से भारत अब वैश्विक ताकत बनकर उभर रहा है।उनके मार्गदर्शन में हमारी 'डबल इंजन' की सरकार विकास के लिए निरंतर काम कर रही है। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार को 'कतई न बर्दाश्त' करने की नीति पर काम कर रही है और पूर्ववर्ती सरकार के समय हुए 'पेपरलीक' के माफिया अब गिरफ्त में हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को पूरा करने के लिए राज्य सरकार ने भी 'विकसित राजस्थान 2047' का विजन दस्तावेज जारी किया है।

## जयपुर में चलती बस में आग लगी, बाल-बाल बचे 60 यात्री

जयपुर/दक्षिण भारत। जयपुर में शुक्रवार को एक बड़ी दुर्घटना टल गई। राजस्थान राज्य सड़क परिवहन निगम (आरएसआरटीसी) की एक चलती बस में मानसरोवर आरआईसीओ चौराहे के पास आग लग गई। लगभग 60 यात्री समय रहते बस से बाहर निकलने में सफल रहे और कोई हताहत नहीं हुआ, हालांकि बस आधे घंटे के भीतर पूरी तरह जल गई। यह घटना दोपहर लगभग 2:40 बजे हुई। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, बस जयपुर के सिंधी कैंप बस स्टैंड से केकड़ी की ओर जा रही थी। मानसरोवर आईआईसीओ चौराहे के पास उसमें से धुआं उठता देखा गया, जिसके बाद आग की लपटें दिखाई दीं। यात्रियों ने बताया कि आग तेज होते ही बस के अंदर अफरा-तफरी फैल गई। चालक ने तुरंत बस को सड़क किनारे रोक दिया और यात्रियों को बाहर निकलने का निर्देश दिया। कुछ ही मिनटों में सभी यात्री सुरक्षित रूप से बस से उतर गए।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग ने जल्द ही पूरे बस को अपनी चपेट में ले लिया। मानसरोवर फायर स्टेशन की अग्निशमनकर्मी शकुंतला सैनी ने कहा कि प्रारंभिक जांच में यह शॉर्ट सर्किट के कारण हुई आग मानी जा रही है। अब तक की जांच के मुताबिक, आग वायरिंग सिस्टम में शुरू हुई और जल्दी ही इंजन तक फैल गई। इसके बाद आग तेजी से भड़क गई। सूचना मिलने पर मानसरोवर फायर स्टेशन से दो फायर टेंडर मौके पर पहुंचे। अग्निशामकों ने लगभग 30 मिनट तक आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक बस लगभग पूरी जल चुकी थी। पुलिस और अग्निशमन अधिकारियों ने पुष्टि की कि कोई घायल नहीं है और ना ही किसी के जलने की खबर है। अधिकारियों ने आग का वास्तविक कारण पता लगाने और नुकसान के स्तर का आकलन करने के लिए विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

# विदेशी निवेश किसी परिवार के लिए नहीं, राज्य के कल्याण के लिए : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि जर्मनी, जापान और सिंगापुर सहित दुनिया के अन्य देशों से आने वाला निवेश किसी परिवार को नहीं, बल्कि राज्य को लाभ पहुंचाएगा और यहां के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करेगा।



लखनऊ में 1.86 करोड़ उज्ज्वला लाभार्थियों को गैस सिलेंडर पुनर्भरण सब्सिडी वितरण के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने ये बातें कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कल ही जर्मनी से लौटे हैं। उन्हें राज्य में निवेश की संभावनाओं और निर्माणाधीन रक्षा विनिर्माण गलियारे का जायजा लेने का अवसर मिला। पिछली सरकारों से तुलना करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की ओर कोई तिरछी नजर से भी नहीं देखता था, लेकिन आज दुनिया का हर बड़ा निवेशक यहां आना चाहता है। उन्होंने कहा, निवेशक जानते हैं कि वर्तमान सरकार उन्हें सुरक्षा प्रदान कर सकती है और निर्णायक फैसलों के माध्यम से उनकी समस्याओं का समाधान कर सकती है।

मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि विदेशी निवेश से होने वाला बदलाव किसी के व्यक्तिगत परिवार को लाभ पहुंचाने के लिए नहीं है। उन्होंने कहा, जर्मनी या जापान से आने वाले निवेश से केशव के परिवार को व्यक्तिगत लाभ नहीं होगा, लेकिन हमारे राज्य को निश्चित रूप से लाभ होगा। इससे हमारे प्रतिभाशाली युवाओं को सम्मानजनक रोजगार मिलेगा। रोजगार के अवसरों और सुरक्षा पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी पहल और समन्वय स्थापित किया गया है जिससे प्रदेश में अधिक रोजगार सृजित होंगे और प्रतिभाशाली युवाओं को सरकारी गारंटी के साथ विदेशों में सम्मानजनक आय अर्जित करने के अवसर मिलेंगे।



## बिहार में हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा को वादे के अनुरूप एक राज्यसभा सीट दी जानी चाहिए : मांझी

**गया जी/भाषा।** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) को बिहार में 16 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनाव में एक सीट दी जानी चाहिए। मांझी ने दावा किया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दल हम को भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले एक राज्यसभा सीट देने का वादा किया था।

निर्वाचन आयोग ने हाल ही में बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों के लिए चुनाव की घोषणा की है, जिनमें से तीन सीटें सत्तारूढ़ राजग के पास हैं। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि पांच मार्च है, जबकि नामांकन पत्रों की जांच अगले दिन होगी। उम्मीदवार नौ मार्च तक अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। बिहार की कुल 16 राज्यसभा सीट में से पांच सीट अप्रैल में रिक्त होंगी जिनके लिए चुनाव कराए जाएंगे। ये पांच सीटें हैं: जनता दल (यूनाइटेड) के हरिवंश नारायण सिंह और राम नाथ ठाकुर, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रेम चंद गुप्ता और अमरेंद्र धारी सिंह, और राजग के घटक दल राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के उपेंद्र कुशवाहा।

## झारखंड: यौन शोषण के प्रयास में विफल रहने पर व्यक्ति ने चार साल के बच्चे की हत्या की

**चाईबासा (झारखंड)/भाषा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में चार साल के बच्चे की हत्या करने के आरोप में शनिवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अनुमंडल पुलिस अधिकारी (सदर चाईबासा) बहमन टूटी ने बताया कि आरोपी की पहचान चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के उलीडीह गांव निवासी देवेंद्र बोदरा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने यौन उत्पीड़न करने के लिए बच्चे का अपहरण किया और बाद में उसकी हत्या कर दी। अधिकारी के अनुसार, जब बच्चे ने उसके कृत्यों का विरोध करते हुए चिल्लाना शुरू किया तो आरोपी ने उसपर पत्थर से हमला कर दिया। अधिकारी ने बताया कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खूंटपानी गांव की निवासी पीड़ित बच्चे की मां, बलेमा हेमब्रम ने 26 फरवरी को बेटे के लापता होने के बाद अपहरण का मामला दर्ज कराया था। शिकायत मिलने पर, पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमित रेणु ने आरोपी को पकड़ने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया। मुफस्सिल थाना के प्रभारी विनोद कुमार के नेतृत्व में टीम ने सीसीटीवी फुटेज, खुफिया व तकनीकी जानकारी की मदद से आरोपी बोदरा को चक्रधरपुर से गिरफ्तार कर लिया।

## पटना में पति ने पत्नी की पीटकर हत्या की, हिरासत में लिया गया

**पटना (बिहार)/भाषा।** बिहार की राजधानी पटना के दानापुर इलाके में शनिवार को एक महिला की कथित तौर पर उसके पति ने पीटकर हत्या कर दी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है।

अधिकारी ने बताया कि यह घटना पटना जिले के दानापुर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत श्री राम नगर में घटी। दानापुर थाना के प्रभारी प्रशांत कुमार भारद्वाज ने संवाददाताओं को बताया, ''हमें सूचना मिली थी कि सोनू नामक एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की पीटकर हत्या कर दी है। वह मूल रूप से सारण जिले का रहने वाला है लेकिन दानापुर में अपने रिश्तेदार के घर में रह रहा था।''

भारद्वाज ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद पीड़िता का शव सारण जिले में उसके माता-पिता को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि पीड़िता के माता-पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और आगे की जांच जारी है। थाना प्रभारी के मुताबिक फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) ने भी अपराध स्थल का मुआयना किया है।

## शादी में 13 वर्षीय लड़की से सामूहिक बलात्कार, पांच पकड़े

**लातेहार/भाषा।** झारखंड के लातेहार जिले में एक शादी समारोह में 13 वर्षीय लड़की के साथ कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को महुआदंड पुलिस थाना क्षेत्र में हुई घटना के संबंध में दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया और तीन नाबालिगों को हिरासत में लिया गया। उन्होंने बताया कि संदिग्ध लड़की को जबरन एक सुनसान जगह पर ले गए और उसके साथ बलात्कार किया।

महुआदंड पुलिस थाना के प्रभारी अधिकारी मनोज कुमार ने कहा, पीड़िता की मां के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद पीड़िता की चिकित्सा जांच कराई गई है। उन्होंने कहा, पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।



## प्रौद्योगिकी का वास्तविक उद्देश्य किसानों तक इसका लाभ पहुंचाना : पटेल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को कहा कि प्रौद्योगिकी का वास्तविक उद्देश्य अंतिम पायदान पर खड़े किसान तक इसका लाभ पहुंचाना होना चाहिए।

लोकभवन की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल एग्रो ट्रेड फेयर-ग्लोबल एग्रोटेक-2026 के समापन समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह आयोजन केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि कृषि के नवयुग की प्रस्तावना है, जहां किसान परिवर्तन के शिल्पी के रूप में उभर रहे हैं। पटेल ने कहा कि बीज से बाजार तक और किसान से उपभोक्ता तक कृषि को समग्र मूल्य श्रृंखला के रूप में देखने का यह एक व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। उन्होंने कृषि में डिजिटल प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन, सूक्ष्म सिंचाई, जैव-प्रौद्योगिकी तथा उपग्रह आधारित सूचना प्रणाली की भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी का वास्तविक उद्देश्य अंतिम पायदान पर खड़े किसान तक इसका लाभ पहुंचाना होना चाहिए। राज्यपाल ने इण्डियन चैम्बर ऑफ फूड एण्ड एग्रीकल्चर, उत्तर प्रदेश सरकार एवं सभी सहयोगी संस्थानों को इस दूरदर्शी पहल के लिए धन्यवाद दिया। पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश कृषि के क्षेत्र के मद्देनजर देश का अग्रणी राज्य है और अन्न, दुग्ध, गन्ना, दलहन, तिलहन, बागवानी एवं पशुपालन में विशिष्ट पहचान रखता है। गत वर्षों में प्रदेश के कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जो उत्पादन वृद्धि के साथ-साथ विश्वास और संभावनाओं की वृद्धि का भी प्रतीक है।

## पश्चिम एशिया में शांति बहाली में सहयोग सुनिश्चित करे सरकार : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमले की निंदा करते हुए शनिवार को कहा कि वह पश्चिम एशिया में सैन्य संघर्ष खत्म कराने में मदद करे और क्षेत्र में रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करे। मुख्य विपक्षी दल ने यह सवाल भी किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने इजराइल दौर का उपयोग तनाव कम करने के लिए क्यों नहीं किया या फिर वह इस युद्ध का समर्थन करते हैं?

अमेरिका और इजराइल ने शनिवार को ईरान के कई शहरों में हवाई हमले किए। ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजराइल से जुड़े कई सामरिक स्थलों को निशाना बनाया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच तेजी से बढ़ती शत्रुता बेहद चिंताजनक है। पूरे पश्चिम एशिया में प्रत्येक भारतीय नागरिक की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा, मैं भारत सरकार से हमारे लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल और सक्रिय कदम उठाने का आग्रह करता हूं। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, हम ईरान और पूरे पश्चिम एशिया में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के बारे में समान रूप से चिंतित हैं। हम भारत सरकार से उनकी सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए हर संभव उपाय करने का आग्रह करते हैं।

## एसआईआर के बाद बंगाल की मतदाता सूची में मतदाताओं की संख्या 7.04 करोड़ से अधिक : सीईओ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने शनिवार को बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान हटाए गए और जोड़े गए नामों के बाद पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची में मतदाताओं की संख्या 7.04 करोड़ से अधिक है।

अग्रवाल ने पत्रकारों को बताया कि मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया के परिणामस्वरूप फॉर्म-7 के माध्यम से 5.46 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए गए और फॉर्म-6 एवं फॉर्म-6ए के माध्यम से 1.82 लाख से अधिक मतदाताओं का नाम शामिल किया गया। उन्होंने कहा, ''पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान 58 लाख से अधिक गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुए, जिनमें मृत, स्थानांतरित और दोहराव वाले मतदाताओं के मामले शामिल हैं।''

मनोज कुमार अग्रवाल ने यह भी कहा कि 60 लाख से अधिक मतदाता अभी भी ''विचाराधीन'' श्रेणी में हैं, लेकिन उन्हें एसआईआर के बाद की मतदाता सूची में शामिल कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि यह संशोधन प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार की गई है।

## ईरान पर हमले को लेकर प्रधानमंत्री मोदी पर कांग्रेस के निशाना साधने के बाद भाजपा का पलटवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर सैन्य हमले शुरू करने के मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाना बनाने के लिए कांग्रेस की शनिवार को कड़ी आलोचना की और उसे कायरों की सेना करार दिया। भाजपा ने दावा किया कि हर संवेदनशील मामले पर नकारात्मक टिप्पणी करना विपक्षी दल की आदत बन गई है।

भाजपा ने कहा कि कांग्रेस और उसके नेताओं को मौजूदा स्थिति के बीच बचकाना बयान देने से बचना चाहिए और मोदी सरकार पर भरोसा रखना चाहिए। भाजपा की यह टिप्पणी कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश द्वारा 'एक्स' पर एक पोस्ट करने के बाद आयी जिसमें उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी के इजराइल दौरे की खुशी मनाने के दो दिन बाद ही इजराइल और अमेरिका ने ईरान के खिलाफ अपना संयुक्त हमला शुरू कर दिया है। पिछले कुछ महीनों में उनके सैन्य जमावड़े को देखते हुए यह पूरी तरह अपेक्षित था।''

उन्होंने कहा कि इसके बावजूद प्रधानमंत्री मोदी ने इजराइल जाने का निर्णय लिया, जहां उन्होंने उच्चतम स्तर की नैतिक कायरता का प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता रमेश ने कहा, प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि भारत इजराइल के साथ खड़ा है और ऐसा कहने पर स्वयं को एक पुरस्कार भी दिलवा लिया।




## स्नातक 'विकसित भारत' के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे : उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने स्नातकों को 'विकसित भारत' के सपने का वास्तुकार बताते हुए शनिवार को कहा कि विश्वविद्यालयों को ऐसे अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना चाहिए, जो भारतीय परिस्थितियों से जुड़े हों और साथ ही वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी भी हों।

वह यहां दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के 102वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने उच्च शिक्षा में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का उल्लेख करते हुए कहा कि इस वर्ष 70 प्रतिशत से अधिक स्वर्ण पदक विजेता महिलाएं हैं।

समारोह में 1.2 लाख से अधिक छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम में राधाकृष्णन मुख्य अतिथि थे, जबकि समारोह की अध्यक्षता डीयू के कुलपति योगेश सिंह ने की।

राधाकृष्णन ने कहा कि डीयू की शुरुआत तीन कॉलेज, दो संकाय और आठ विभागों से हुई थी। उन्होंने कहा, ''आज विश्वविद्यालय 16 संकायों, 86 विभागों, 90 कॉलेजों, 20 हॉल और छात्रावासों, 30 से अधिक केंद्रों व संस्थानों, 34 पुस्तकालयों और छह लाख से अधिक छात्रों के साथ एक विशाल संस्थान बन चुका है।''

उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय शिक्षकों, प्रशासकों और छात्रों के सामूहिक प्रयासों को दिया।

विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि कुलपति योगेश सिंह ने उन्हें बताया कि सीट बिना किसी देरी के भर जाती है और 'कट-ऑफ' 98 प्रतिशत तक पहुंच जाती है। उन्होंने कहा कि हालांकि डीयू पहले से ही भारत के प्रतिष्ठित संस्थानों में शामिल है, फिर भी उसे वैश्विक रैंकिंग में और ऊंचा स्थान हासिल करने का लक्ष्य रखना चाहिए।

उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने कहा, ''अगले दो वर्षों में हमें शीर्ष 300, फिर 200, फिर 100 में स्थान बनाना चाहिए और अंततः दुनिया का पहले नंबर का विश्वविद्यालय बनने का लक्ष्य रखना चाहिए।''



## हमारी पार्टी बिहार विधान परिषद का चुनाव लड़ेगी : तेज प्रताप

**पटना/भाषा।** जनशक्ति जनता दल के प्रमुख तेज प्रताप यादव ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी बिहार विधान परिषद की कई सीट के लिए आगामी चुनाव लड़ेगी।

स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों से चुने गए विधान परिषद के चार मौजूदा सदस्यों (एमएलसी) और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों से चुने गए चार सदस्यों का कार्यकाल 16 नवंबर को समाप्त हो जाएगा। यादव ने वैशाली में पत्रकारों से कहा, ''हां, हमारी पार्टी आगामी चुनाव में कुछ एमएलसी सीट पर चुनाव लड़ेगी।''

यादव को उनके पिता लालू प्रसाद ने पिछले साल 25 मई को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया था। इससे एक दिन पहले तेज प्रताप ने सोशल मीडिया पोस्ट में कथित तौर पर अनुष्का नामक महिला के साथ ''रिश्ते में होने'' की बात स्वीकारी थी। बाद में उन्होंने यह पोस्ट हटा दिया था और दावा किया था कि उनका अकाउंट ''हैक'' हो गया था। लालू प्रसाद ने भी ''गैरजिम्मेदाराना व्यवहार'' का हवाला देते हुए उनसे अपना नाता तोड़ लिया था।

## मेरे पास शब्द नहीं हैं, यह मेरे जीवन का सबसे बड़ा क्षण है : डोगरा



**हुबली/भाषा।** जम्मू कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा ने शनिवार को कहा कि उनकी टीम की रणजी ट्रॉफी में ऐतिहासिक जीत को बयां करने के लिए उनके पास शब्द नहीं है और यह उनके जीवन का सबसे बड़ा क्षण है।

जम्मू कश्मीर ने कर्नाटक के खिलाफ फाइनल मैच ड्रॉ होने के बाद पहली पारी में बढ़त के आधार पर अपना पहला रणजी ट्रॉफी खिताब जीतकर इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया। डोगरा ने मैच के बाद कहा, ''सच कहूं तो मैं इसे शब्दों में बयान नहीं कर सकता, मेरे पास शब्द नहीं हैं। इस समय यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। विदा होने से पहले यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी।'' उन्होंने कहा, ''सच कहूं तो जेकेसीए (जम्मू कश्मीर क्रिकेट संघ) के साथ रहना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। यहां के खिलाड़ी बहुत अच्छे हैं और उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। मैं केवल 11 खिलाड़ियों की बात नहीं कर रहा हूं बल्कि सभी 14-15 खिलाड़ियों की बात कर रहा हूं। वे लाजवाब हैं, उन्होंने पूरा योगदान दिया और मैच जीतने के लिए बेताब रहे हैं। शुरुआत से उन्हें पूरा यकीन था कि हम रणजी ट्रॉफी जीतेंगे।''

# जम्मू कश्मीर ने 67 साल का इंतजार खत्म करके पहली बार जीता रणजी ट्रॉफी का खिताब

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हुबली/भाषा।** जम्मू कश्मीर ने अपने जोश और जज्बे का शानदार नमूना पेश करते हुए शनिवार को यहां कर्नाटक के खिलाफ ड्रॉ रहे फाइनल में पहली पारी की बढ़त के आधार पर पहली बार रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीतकर 67 साल का इंतजार खत्म किया और अपना नाम इतिहास में दर्ज कर दिया।




जम्मू कश्मीर ने यह शानदार जीत आठ बार के चैंपियन कर्नाटक के खिलाफ दर्ज की। उसने पांच दिन तक चले मुकाबले में शुरू से ही अपना दबदबा बनाए रखा और इस सत्र में अपने अभियान का शानदार अंत किया। जम्मू कश्मीर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 584 रन बनाए थे जिसके जवाब में कर्नाटक की टीम 293 रन ही बना पाई थी। इस तरह से जम्मू कश्मीर को 291 रन की बढ़त मिली और उसने कर्नाटक को फॉलोआन के लिए आमंत्रित करने की बजाय दूसरी पारी खेलने का फैसला किया। मैच के पांचवें और अंतिम दिन जम्मू कश्मीर ने जब अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 342 रन बनाए थे तब दोनों टीम के कप्तान मैच को ड्रॉ करने पर सहमत हो गए और जम्मू कश्मीर पहली बार चैंपियन बन गया। इस तरह से जम्मू कश्मीर में अपनी कुल बढ़त 633 रन कर दी थी।

जम्मू कश्मीर ने सुबह अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 186 रन से आगे बढ़ाई। कामरान इकबाल और साहिल लोत्रा ने कर्नाटक को एक भी सफलता हासिल नहीं करने दी और नाबाद शतक लगाए। इससे जम्मू कश्मीर के दबदबे का पता चलता है। जब मैच ड्रॉ करने पर सहमति बनी उस समय सुबह अपनी पारी 94 रन से आगे बढ़ाने वाले इकबाल 160 और लोत्रा 101 रन पर खेल रहे थे। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना पहला शतक लगाने वाले लोत्रा ने सुबह अपनी पारी 16 रन से आगे बढ़ाई थी। रणजी ट्रॉफी का इतिहास 92 साल पुराना है लेकिन जम्मू कश्मीर की टीम ने 67 साल पहले पहली बार इस राष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था।

## खिताब तक का सफर लंबा रहा, अब जम्मू-कश्मीर में नए स्टेडियम चाहिए : बीसीसीआई अध्यक्ष मन्हास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हुबली/भाषा।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष मिथुन मन्हास जम्मू-कश्मीर को अपना पहला रणजी ट्रॉफी खिताब जीतते देखकर बहुत खुश थे लेकिन उनकी व्यावहारिक सोच अब घाटी में नए स्टेडियमों के निर्माण पर केंद्रित है ताकि क्रिकेट को और आगे बढ़ाया जा सके।

उन्होंने संकेत दिया कि इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद अब समय आ गया है कि जम्मू-कश्मीर में आधुनिक क्रिकेट बुनियादी ढांचे का विस्तार किया जाए जिससे युवा खिलाड़ियों को बेहतर



सुविधाएं और अवसर मिल सकें। जम्मू-कश्मीर ने 67 साल की मेहनत के बाद आठ बार के चैंपियन कर्नाटक से ड्रॉ कराकर बढ़त के आधार पर यह प्रतिष्ठित खिताब जीता। मन्हास ने शनिवार को यहां रणजी ट्रॉफी फाइनल के बाद कुछ चुनिंदा मीडिया से बातचीत में कहा, ''हमें 67 साल लग गए। खिताब तक का सफर लंबा रहा। मैं बीसीसीआई का बहुत शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने हमें जम्मू में एक अत्याधुनिक सुविधाओं की अकादमी दी है जहां हमारे पास इनडोर सुविधा, स्विमिंग पूल, जिम होंगे। इसी तरह की सुविधाएं हम कश्मीर में भी विकसित करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''अब, हम चाहते हैं कि जम्मू और कश्मीर दोनों जगहों पर स्टेडियम बनें। सिर्फ जम्मू और कश्मीर में ही नहीं, बल्कि राजौरी, पुंछ और चिनाब में भी क्योंकि इस टीम में हर जगह से खिलाड़ी हैं। यह समय की जरूरत है और चुनाव होने वाले हैं। उम्मीद है कि हमें बीसीसीआई से फंड मिल जाएगा।'' मन्हास का जम्मू-कश्मीर से क्रिकेट से पुराना नाता है, उन्होंने टीम के ड्रेसिंग रूम में शांति लाने के लिए कप्तान पारस डोगरा की तारीफ की।

## सुविचार

**बुरा वक्त भी गुजर ही जाता है क्योंकि भगवान ने सिर्फ हमारा सब्र ही परखना होता है।**

## ट्वीट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करकमलों द्वारा अजमेर की पावन धरा से राजस्थान के सर्वांगीण विकास को समर्पित छ16,600 करोड़ से अधिक की लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया।

-दिया कुमारी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार न्याय व्यवस्था में व्यापक सुधार हेतु प्रतिबद्ध है। न्यायिक पारदर्शिता, त्वरित न्याय और जवाबदेही की दिशा में निरंतर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

-अर्जुनराम मेघवाल



## कहानी

# मंज़िल

महेन्द्र तिवारी
मोबाइल : 9989703240

राजीव चौक का वो शोर-शराबा वाला प्लेटफॉर्म, जहाँ हज़ारों लोग अपनी मंज़िलों की तलाश में भागते हैं, उस दिन आरुषि के लिए ठहर सा गया था। वह तब तक उन बंद दरवाजों को निहारती रही, जब तक मेट्रो सुरंग के गहरे सन्नाटे में ओझल नहीं हो गई। विराज की वह रहस्यमयी मुस्कान उसके अंतर्मन में अंकित हो चुकी थी। दोस्तों के हुजूम ने उसे हकीकत में खींचा।

प्रीति ने उत्तेजना में फोन हिलाते हुए कहा, प्रपोजल इन मेट्रो! आरू, ये वीडियो तो इंटरनेट पर आग लगा देगा! रॉकी की आवाज़ गूँजी, ये पूरी तरह बॉलीवुड सीन था! अब नंबर एक्सचेंज करो, वरना हम ही कर देंगे।

ऑफिस पहुंची तो आरुषि का मन बिलकुल भी नहीं लग रहा था। सारा दिन एक्सेल शीट्स और क्लाइंट कॉल्स के बीच में भी आरुषि के दिमाग में बस एक ही कोडिंग चल रहा था, सब्र का फल मीठा होता है।

क्लाइंट मीटिंग में जब बॉस ने टोकते हुए पूछा, आरुषि, तुम्हारा ध्यान कहाँ है?

वो मुस्कुराई, ब्लू लाइन में, सर।

बॉस अचंभित हुआ, व्हाट?

शाम को घर लौटी तो मम्मी-पापा का वही पुराना राग शादी वाला' छिड़ा हुआ था, लेकिन इस बार आरुषि चिढ़ी नहीं। उसे पहली बार लगा कि शायद ज़िंदगी की शाम की चाय किसी खास के साथ पीने का वक्त आ गया है। पर अफ़सोस, जिस शख्स ने दिल जीता था, उसका नंबर लेना तो वह भूल ही गई थी।

आरुषि की ज़िंदगी अब पहले जैसी नहीं रही थी। वो हँसती हुई लड़की अब भी थी, लेकिन उसकी हँसी में एक नया ठहराव आ गया था, जैसे किसी लंबे सफ़र के बाद कोई खिड़की वाली सीट मिल गई हो।अगले दिन व्हाट्सएप ग्रुप में बवाल मचा।

मिस्टी: आरू, कल का वीडियो 500 व्यूज पार हो गया!

रॉकी: भाई, फोन दो, मैं कॉल करके पूछता हूँ, भाई साहब, प्रपोजल का रिप्लाई कब तक देंगे?

प्रीति: गाइज़, सीरियसली। आरुषि, ये चांस मिस मत करो। नौकरी तो चलती रहेगी, लेकिन प्यार का सिग्नल एक बार खो गया तो वापस नहीं आता।

रॉकी ने टाइप किया: आरुषि, अब बस भी कर! तू कल से विराज के ख्यालों में खोई है। मार्केटिंग का टारगेट छोड़, अब लाइफ का टारगेट सेट कर।मिस्टी ने सलाह दी, देख आरुषि, नौकरी तो उम्र भर चलती रहेगी। ये बॉस, ये ईमेल्स कभी खत्म नहीं होंगे। लेकिन जो कनेक्शन तुझे विराज के साथ महसूस हुआ है, वो रोज-रोज नहीं मिलता। अपने लिए थोड़ा समय निकाल। विराज से कह कि संडे को मेट्रो स्टेशन पर ही मिले। वीकेंड्स अच्छा निकलेगा, देखना।

अभय, जो हमेशा मजाक करता था, पहली बार गंभीर होकर बोला, सही कह रही है मिस्टी। क्यों न तुम दोनों अपने लिए टाइम दो? वीकेंड्स निकालो। एक नई जिंदगी की शुरुआत के लिए थोड़ा समय का निवेश भी जरूरी है।

आरुषि हंस पड़ी, लेकिन अंदर ही अंदर सहमत थी। ठीक है गैंग, ट्राई करूंगी। लेकिन नंबर कहां से लाऊं? रॉकी ने आंख मारी, कल मेट्रो में सर्च ऑपरेशन! हम सब मिलकर ढूंढेंगे।

आरुषि ने महसूस किया, ये वही दोस्त थे जो उसकी हर बचकानी हरकत पर हँसते थे और आज वही उसकी ज़िंदगी को संभालने की बात कर रहे थे। किस्मत का खेल देखिए, अगले ही दिन राजौरी गार्डन के उसी भीड़भाड़ वाले प्लेटफॉर्म पर फिर वही चेहरा दिखा। हाय आरुषि! कल का वो लम्हा मैं भुला नहीं पाया, विराज ने धीरे से कहा। इस बार न नज़रें चूकीं, न नंबर।

दिल्ली की सर्दी अब धीरे-धीरे कम हो रही थी, लेकिन आरुषि और विराज के बीच की गर्माहट बढ़ रही थी। उन्होंने मिलने के लिए किसी महंगे कैफे या मॉल को नहीं चुना। उनके लिए 'डेट' का मतलब था- मेट्रो परिसर। दिल्ली की लाइफलाइन ही उनकी प्रेम कहानी का गवाह बनी रही थी।

शनिवार सुबह आरुषि तैयार हुई - जींस, कुर्ती, हल्का मेकअप। जनकपुरी से ब्लू लाइन पकड़ी, दोस्तों ने गुड लक भेजा। राजीव चौक पर विराज इंतजार कर रहा था - कैजुअल शर्ट, हाथ में कॉफी। राजीव चौक और कश्मीरी गेट जैसे बड़े स्टेशनों के विशाल परिशर उनके लिए किसी पार्क या कैफे से कम नहीं थे।

कभी वे कश्मीरी गेट की सीढ़ियों पर बैठकर घंटों बातें करते, तो कभी राजीव चौक के उस 'येलो लाइन' वाले कोने में। रविवार का दिन कालकाजी मंदिर स्टेशन के नाम होता, जहाँ की खुली जगह और सुकून उन्हें शहर की भागदौड़ से दूर ले जाता। घंटों समय कैसे बीत जाता, पता ही नहीं चलता। घड़ी की सुइयाँ थक जातीं, पर उनकी बातें नहीं। विराज उसे कोडिंग की बारीकियाँ समझाता और आरुषि उसे बताती कि कैसे एक 'ब्रांड' बनाया जाता है।

एक दिन आरुषि ने कहा, विराज, इस मेट्रो के शोर में भी अब मुझे संगीत सुनाई देता है।

विराज ने उसका हाथ थाम कर कहा, क्योंकि अब इस शोर को साझा करने के लिए कोई तेरे साथ है।

मेट्रो परिसर में बैठते, आइसक्रीम खाते। वीकेंड्स अब उनके लिए स्पेशल हो गया। रोज फोन पर लगे रहने लगे, घंटों बातें करते। लंच ब्रेक हो या घर लौटते वक्त का सफर, दोनों एक-दूसरे से जुड़े रहते। हर छोटी-बड़ी बात साझा होने लगी ।

उधर राजौरी गार्डन में विराज के घर की शांति में हलचल शुरू हो चुकी थी। विराज, जो पहले शांत रहता था, अब बात-बात पर मुस्कुराता। डिनर टेबल पर भी उसका ध्यान दाल-चावल पर कम और फोन के नोटिफिकेशन पर ज्यादा होता। विराज में अब घरवालों को एक बदलाव महसूस होने लगा था। पापा ने पूछा, बेटा, क्या बात है?

विराज टाल जाता, प्रोजेक्ट अच्छा चल रहा है। मम्मी को शक हो गया। मम्मी ने पापा से फुसफुसाते हुए कहा, कहीं लड़की का चक्कर तो नहीं? बेटा कहीं खोया-खोया रहता है।

विराज ने 'ऑफिस प्रोजेक्ट' का बहाना बनाया, पर माँ की पारखी नज़रें सब ताड़ चुकी थीं। उन्होंने तय किया कि इस 'प्रोजेक्ट' की असलियत जानकर ही रहेंगी।

एक दिन उसकी मम्मी ने पूछ ही लिया, बेटा, आजकल कहाँ खोए रहते हो? कोई खास बात है क्या? विराज ने अपनी थाली की ओर देखते हुए कहा, कुछ नहीं माँ, बस ऑफिस में काम थोड़ा ज्यादा है। लेकिन माँ की नज़रें सब समझ रही थीं। उन्होंने देखा कि विराज अब शनिवार को 'मीटिंग' के नाम पर घर से जल्दी निकल जाता है। पापा ने भी गौर किया कि बेटा अब पहले से ज्यादा खुश और संवरा हुआ रहता है। उन्हें आभास हो गया था कि उनके बेटे का किसी लड़की के साथ 'चक्कर' है। माँ ने गहरी सांस ली, अगर है, तो जानना ज़रूरी है। छुपकर रिश्ते नहीं चलते।

अगले रविवार, विराज नीली टी-शर्ट में चहकता हुआ निकला। पीछे-पीछे मम्मी-पापा भी 'गुप्तचर' बनकर चल दिए। वायलेट लाइन ने उन्हें कालकाजी मंदिर स्टेशन उतारा। सामने का दृश्य किसी सुंदर पेंटिंग जैसा था। आरुषि एक बेंच पर बैठी थी और विराज उसे अपने परिवार की तस्वीरें दिखा रहा था। आरुषि ने बड़े सहज भाव से विराज के कंधे पर सिर टिकाया हुआ था। दोनों की सादगी और उनके बीच का सम्मान विराज की माँ के दिल को छू गया। उन्हें अपनी जासूसी पर थोड़ा संकोच हुआ, लेकिन खुशी ज्यादा थी।

विराज की मम्मी से अब रहा नहीं गया। वह सीधे उनके सामने जा खड़ी हुईं। विराज को जैसे काटो तो खून नहीं! वह हड़बड़ाकर खड़ा हो गया, मम्मी! पापा! आप यहाँ? आरुषि भी एकदम से घबरा गई। उसने अपनी कुर्ती ठीक की और तुरंत खड़ी होकर नमस्ते किया। उसका चेहरा डर से लाल हो गया था। उसे लगा कि शायद आज कोई बड़ा हंगामा होगा।विराज की माँ ने आरुषि को ऊपर से नीचे तक देखा। आरुषि की आँखों में एक अजीब सी सच्चाई और विराज के लिए प्रेम साफ झलक रहा था। माँ ने विराज की ओर देखा और फिर आरुषि के करीब गईं।

माँ के चेहरे पर कोई गुस्सा जैसी बात नहीं थी, बल्कि एक संतोष भरी मुस्कान थी। उन्होंने बहुत ही कोमल आवाज में पूछा, बेटा, आपका नाम क्या है?आ... आरुषि, उसने हकबकाते हुए जवाब दिया। विराज की मम्मी सीधे मुद्दे पर आ गई, आरुषि बेटा, आपको मेरे बेटे से शादी करने में कोई एतराज तो नहीं ?

यह सुनकर आरुषि और विराज दोनों सन्न रह गए। आरुषि को भला क्या एतराज होता? वह तो उस दिन मेट्रो में सरेआम अपने प्यार का इजहार कर चुकी थी। उसने नजरें झुका लीं और धीमी आवाज में कहा, जी नहीं आंटी, मुझे कोई एतराज नहीं है। विराज के पापा ने विराज की पीठ थपथपाई, जैसे कह रहे हों, 'पसंद अच्छी है तुम्हारी।' तभी विराज की माँ ने अपने बैग से एक सुंदर सी रेशमी लाल चुनरी निकाली। शायद एक माँ का अंतर्मन इस मुलाकात के लिए पहले से तैयार था। उन्होंने बड़े प्यार से वह चुनरी आरुषि के सिर पर ओढ़ा दी। यह सिर्फ एक कपड़ा नहीं था, बल्कि आरुषि का उनके परिवार में स्वागत था। उन्होंने दोनों के सिर पर हाथ रखा और कहा, खुश रहो! भगवान तुम दोनों को सुखी रखे। हमारा आशीर्वाद तुम्हारे साथ है।

आरुषि और विराज की आँखों में ख़ुशी के आँसू थे। दोनों ने झुककर विराज के मम्मी-पापा के पैर छुए। कालकाजी मंदिर मेट्रो स्टेशन के उस व्यस्त प्लेटफॉर्म पर, जहाँ लोग अपनी मंजिलों की ओर भाग रहे थे, आरुषि और विराज को उनकी मंजिल मिल चुकी थी। विराज के पैरेंट्स ने आरुषि के पैरेंट्स से बात की। आरुषि के मम्मी-पापा भी बहुत खुश थे। दरवाजे बाईं ओर खुलेंगे। मेट्रो की यह घोषणा उस दिन आरुषि और विराज के लिए एक नई ज़िंदगी के दरवाजे खोल रही थी। दिल्ली की ब्लू लाइन से शुरू हुआ यह सफर, अब सात जन्मों की पटरी पर दौड़ने के लिए तैयार था। उन्हें उनकी मंज़िल मिल चुकी थी।

## संजय उवाच

संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com



।। माँ सरस्वत्यै नमः।।

# शुष्क गले की ओर

कुछ दिन पहले राजस्थान के ग्रामीण अंचल में परिवार के एक विवाह समारोह में जाना हुआ। यह मेरा पैतृक प्रदेश है। परदेसी हो जाने पर भी यहाँ का सांस्कृतिक वैभव, माटी की सोंध, खान-पान का स्वाद और उसका सुवास भीतर गहरे तक बसे हैं। बचपन में देखे धूल उड़ाते टीबे या बालू के टीले अब दिखाई नहीं देते पर स्मृतियों पर धूल अभी नहीं जमी नहीं है।

स्मृतियों की इस मधुर शृंखला को तब एकाएक झटका लगा, जब पैर से आकर कुछ टकराया। दृष्टि झुकी तो हतप्रभ रह गया। पैरों में मिनरल वाटर की एक सीलबंद बोतल पड़ी थी। हुआ यूँ कि समारोह में विविध प्रकार के व्यंजनों के काउंटर लगे थे। एक काउंटर पर हजारों की संख्या में मिनरल वाटर की 200 मिलीलीटर वाली बोतलें थीं।

देखता हूँ कि कुछ बच्चे काउंटर से पानी की सीलबंद बोतल लेकर उन्हें खोले बिना, उनसे फुटबॉल खेल रहे हैं। मैं जड़वत हो गया। पानी को सिर नवाने वाला समाज, पानी को पैरों से ठोकर लग रहा है। स्मृतिचक्र फिर बचपन में ले गया। पिताजी सेना में थे। उनका, भारत के विभिन्न राज्यों में स्थानांतरण होता रहता। हमारी वार्षिक छुट्टियों में माँ, हमें हमारे ननिहाल लेकर जाती। सामान्यतः यह विवाह का भी मौसम हुआ करता। इस अवधि में अनेक विवाह समारोहों में जाने का अवसर मिलता।

आज से लगभग पाँच दशक पूर्व के इन समारोहों में रामझरे से पानी से पिलाया जाता। रामझरा पानी संग्रह करने का लोटेनुमा पर आकार में बड़ा पात्र होता है, जिसमें जल पिलाने के लिए एक नली भी लगी होती है। उन दिनों काँसे से बने रामझरे उपयोग में लाए जाते थे। हमें पानी हथेलियों को आपस में जोड़कर चुल्लू से पीना होता था। राजस्थान में इसे ओक से पीना कहते हैं। हथेलियों को ठीक से बंद नहीं कर पाते तो बुज़ुर्गों से डाँट पड़ती कि पानी बर्बाद नहीं किया जा सकता। नीति कहती है, 'अति सर्वत्र वर्ज्येत।' अति अंततः संकट का कारण बनती है। मरुधरा में पानी को ठोकर लगाई जा रही है। पंचतत्वों में से एक है पानी। मनुष्य पंचतत्वों से बना है। मनुष्य पंचतत्वों को नष्ट करने पर तुला है। भावार्थ है कि मनुष्य भस्मासुर हो चला है।

बच्चों को मीठी झिड़की दी। पानी की बोतलें एक स्थान पर जमा करने के लिए कहा। बच्चे खेल बंद करके भाग गए। प्रश्नों से दूर भागने से प्रश्न समाप्त नहीं होते। विकास हो, वस्तुएँ उपलब्ध हों, सुविधा बढ़ें, यह सहज मानवीय भाव है पर विपुलता, जीवनावश्यक तत्वों का अपव्यय करे तो यह आशंका को जन्म दे सकता है। स्मरण रखा जाना चाहिए कि इसी अपव्यय के चलते जोहानिसबर्ग, विश्व में पहला बिना पानी का शहर होने के मुहाने पर है। सिगरेट और अन्य तंबाकूयुक्त पदार्थों पर वैधानिक चेतावनी छपी होती है कि उनका सेवन स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। सोचता हूँ, समय आ गया है कि मिनरल वॉटर की बोतलों पर छपा हो कि पानी की एक भी बूँद का अपव्यय, शुष्क गले की ओर एक क़दम है। शेष चिंतन और आचरण अपना-अपना।

# होली : परिवार, समाज और राष्ट्र का 'हो लेने' का पर्व

प्रो. मनमोहन प्रकाश

होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह भारतीय जीवन-दर्शन का जीवंत उत्सव है। यह ऐसा पर्व है जो व्यक्ति को परिवार से, परिवार को समाज से और समाज को राष्ट्र की व्यापक चेतना से जोड़ देता है। 'हो लेना' अर्थात स्वयं को अहंकार, भेदभाव और संकीर्णताओं से मुक्त कर समष्टि के साथ एकात्म कर लेना। होली इसी भाव की अभिव्यक्ति है। परिवार के स्तर पर होली स्नेह, क्षमा और पुनर्संयोजन का पर्व है। वर्षभर की व्यस्तता, मतभेद और मौन इस दिन रंगों में घुलकर समाप्त हो जाते हैं। बड़े-बुजुर्गों के चरणों में गुलाल, बच्चों की खिलखिलाहट, घर-आंगन में गूंजते फाग आदि सब मिलकर पारिवारिक संबंधों में नई ऊष्मा भर देते हैं। होलिका-दहन की अग्नि प्रतीक है कि ईर्ष्या, क्रोध और कटुता जलकर राख हो जाए और परिवार प्रेम के रंग में रंग जाए।



समाज के स्तर पर होली समानता और समरसता का संदेश देती है। इस दिन रंग जाति, वर्ग, भाषा और आर्थिक भेद नहीं देखते। सब एक-दूसरे को रंग लगाते हैं। यह व्यवहारिक रूप से सामाजिक समता का पाठ है। लोकगीत, नृत्य, ढोल-नगाड़े और सामूहिक उल्लास समाज को जोड़ते हैं। होली यह सिखाती है कि सामाजिक जीवन में संवाद, हास्य और सहभागिता कितनी आवश्यक है; कठोरता नहीं, बल्कि अपनत्व समाज को मजबूत बनाता है। राष्ट्रीय स्तर पर होली सांस्कृतिक एकता का उत्सव है। विविधताओं से भरे भारत में यह पर्व उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक समान भाव से मनाया जाता है।कहीं फाग, कहीं शिगमो, कहीं रंगपंचमी के रूप में। अलग-अलग परंपराएँ होते हुए भी उत्सव का मूल भाव एक है : आनंद, मेल-मिलाप और नवसृजन। यह सांस्कृतिक एकात्मता ही राष्ट्र की आत्मा है। होली हमें याद दिलाती है कि हमारी विविधता विभाजन नहीं, बल्कि शक्ति है।

होली का आध्यात्मिक संकेत भी उतना ही गहरा है। यह ऋतु परिवर्तन का पर्व है। वसंत के आगमन के साथ जीवन में नई ऊर्जा का संचार। रंग यहाँ केवल बाह्य नहीं, आंतरिक भी हैं। विवेक, करुणा, साहस और सत्य के रंग। होलिका-दहन असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है; प्रह्लाद की कथा हमें बताती है कि आस्था और नैतिकता अंततः विजयी होती है। आज के समय में होली का संदेश और भी प्रासंगिक है। जब समाज में वैमनस्य, अविश्वास और तनाव बढ़ रहा हो, तब होली हमें 'हो लेने' का मार्ग दिखाती है,परिवार के लिए समय निकालने का, समाज के प्रति संवेदनशील होने का और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यनिष्ठ रहने का। यह पर्व हमें संयम, सौहार्द और पर्यावरण-संवेदनशीलता के साथ उत्सव मनाने की प्रेरणा भी देता है। अंततः, होली रंग लगाने का नहीं, रंग बनने का पर्व है। प्रेम का, एकता का और राष्ट्रभाव का। जब व्यक्ति परिवार में, परिवार समाज में और समाज राष्ट्र में 'हो' जाता है, तभी होली अपने पूर्ण अर्थ में साकार होती है। यही होली का शाश्वत संदेश है।

## बोध कथा

# मिनी की माला

मिनी एक छोटी सी लड़की हैं। वह दूसरी कक्षा में पढ़ती है। दूसरी कक्षा में क्राफ्ट का काम भी होता है। मैम कढाई सिलाई भी सीखती हैं। जैसे ही क्राफ्ट का पीरियड लगता, मिनी का मन करता कि वह कक्षा से घर भाग जाए। मिनी को कहानी पढ़ना और खेलना अच्छा लगता, पर क्राफ्ट का काम ! बाबा रे ! गत्ता काटो, ऊपर रंगीन चिकनी कागज चिपकाओ, सुई से टांके लगाओ, पर फिर भी जो चीज बने वह मैम की समझ में ही न आए।

अब फिरकी की ही बात लो। मिनी ने खूब मेहनत से बनाई, पर मैम को किधर से भी वह फिरकी नहीं लगी। अब क्या था, मिनी को खूब गुस्सा आया। गोंद तो लग गया हाथ पर, कपड़ों पर, बैग पर और थोड़ा सा मुंह पर भी। पहले फिरकी बनाई, फिर माला, फिर माचिसें इकट्ठी कर एक सोफासेट बनाया। इतनी मेहनत कर के बनता कुछ है नहीं और मुसीबत कितनी। इस से तो अच्छा है कि कहानी पढ़ों या खेलो।

मिनी ने यही किया। मिनी खूब खुश। तभी परीक्षा का समय आ गया। गणित, हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक ज्ञान एवं क्राफ्ट की परीक्षा। अब मिनी क्या करे ? मम्मी पढ़ाती, पापा पढ़ाते, पर क्या ? वही गणित, हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान। मिनी कहती, मम्मी, माला बनानी है। तभी मम्मी कहती कि पहले पढ़ लो फिर खेलना। अब क्राफ्ट का काम कोई खेलना तो है नहीं, पर मम्मी की समझ में आये तब न।

मिनी को घबराहट होने लगी। क्या करे, क्या न करे ! पर तभी आ गईं मिनी की मोटी मौसी। वह आती हैं तो मिनी को पढ़ने की छुट्टी। उस दिन दोनों ने मिल कर बनाई माला। पहले एक सादे कागज की, फिर रंगीन कागज की। एक माला छोटू की। मिनी का भाई है न छोटू। वह पढ़ता वढ़ता नहीं। अभी तो वह चलता फिरता भी नहीं। बहुत छोटा है न, सिर्फ बैठता है। इसलिए घटिया वाली माला उसी को। अब तो मिनी को बात आसान लगने लगी। झट से सूई में धागा, स्ट्रा पाइप के छोटे-छोटे और रंगीन कागज के गोलगोल टुकड़े काटे।

फिर एक स्ट्रा पाइप का टुकड़ा और एक रंगीन कागज का गोल टुकड़ा बारीबारी से धागे में पिरोती गई। कितनी सुंदर माला तैयार हो जाती है। किसी और ने नहीं मिनी ने खुद बनाई है। पहले माला, फिर फिरकी, फिर सोफा सेट। अगर मिनी ने कक्षा में बैठ कर भी इस को सिखा होता तो जल्दी ही उस की समझ में आ जाता। कहानी पढ़ना अच्छा, खेलना अच्छा और क्राफ्ट का काम भी अच्छा। अच्छे बच्चे तो सभी काम करते हैं। मिनी तो अच्छी लड़की है, अब वह यह बात जान गई है कि सब काम अच्छे होते हैं और सीखने से सब काम आ जाते हैं। तुम भी तो अच्छे बच्चे हो न ?



## वीर गाथा

# कैप्टन युद्धवीर सिंह : आम लोगों की बचे जान, इसके लिए जोखिम में डाले अपने प्राण

कैप्टन युद्धवीर सिंह का जन्म राजस्थान में कोटा जिले के कुन्हाड़ी गांव में हुआ था। माता दिव्या कंवर और पिता कर्नल केवी सिंह (सेवानिवृत्त) के बेटे ने खतरनाक आतंकवादियों का खात्मा करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई थी। वे मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री में शामिल हुए थे। बाद में, उन्हें राष्ट्रीय राइफल्स की 9वीं बटालियन में भेज दिया गया। कैप्टन युद्धवीर ने 11 अप्रैल, 2022 को जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकवादियों का पता लगाने के लिए एक सीक्रेट सर्विलांस और इंटरसेप्शन टीम का नेतृत्व किया था। अचानक एक संदिग्ध वाहन नजर आया। युद्धवीर ने उसका पीछा किया और सभी रास्तों को बंद करवा दिया।

जब आतंकवादी बुरी तरह घिर गए तो गोलीबारी करने लगे। इसके जवाब में युद्धवीर और साथी जवानों ने भी उन पर गोलियां बरसाईं। आगे एक मकान था। आतंकवादी भागे और उसमें छिप गए। उस समय युद्धवीर ने सूझबूझ दिखाई। उन्होंने जवानों को आदेश दिया कि वे मकान को अच्छी तरह से घेर लें, ताकि एक भी आतंकवादी बचकर न निकल पाए।

अब आतंकवादियों ने ग्रेनेड की बौछार कर दी। वे अंधाधुंध गोलीबारी कर घेराबंदी तोड़ना चाहते थे। उस इलाके में आम लोग भी मौजूद थे। उनके जीवन को बचाना जरूरी था। इसके लिए युद्धवीर ने बहुत बड़ा जोखिम लिया। वे रेंगते हुए आगे बढ़े और आतंकवादियों पर सटीक गोलीबारी की। उन्होंने एक खूंखार विदेशी आतंकवादी को ढेर कर दिया।

भारत के खिलाफ षड्यंत्र करने वाली ताकतें याद रखें, अगर उनके पास भाड़े के आतंकवादी हैं, तो भारत माता के पास युद्धवीर सिंह जैसे सपूत हैं।

हर षड्यंत्र का इसी तरह जवाब दिया जाएगा। कैप्टन युद्धवीर सिंह को 'शौर्य चक्र' से सम्मानित किया गया।



## महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता। – दक्षिण भारत राष्ट्रमत

उद्घाटन



जम्मू और कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा शनिवार को जम्मू जिले के यूनिवर्सिटी ऑफ जम्मू क्रिकेट ग्राउंड में सिख क्रिकेट प्रीमियर लीग के दूसरे एडिशन के उद्घाटन समारोह के दौरान खिलाड़ियों के साथ।

# 'टूर गाइड' बनीं श्रिया पिलगांवकर

**मुंबई/एजेन्सी**

मशहूर अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर हाल ही में अपने माता-पिता के साथ वियतनाम की सैर करके वापस लौटी हैं। उन्होंने बताया कि पेरेंट्स के साथ किसी ट्रिप पर जाना फिल्म बनाने से कम नहीं है। श्रिया पिलगांवकर ने शनिवार को इंस्टाग्राम पर कुछ झलकियां शेयर कीं, जिसमें वे अपने माता-पिता के साथ खूब मजे करती नजर आ रही हैं। श्रेया ने लिखा, जब मम्मी-पिता ही बच्चों जैसे बन जाएं, तब परिवार के साथ छुट्टियां किसी फिल्म से कम नहीं लगतीं। थोड़ी भागदौड़ और हलचल तो होती है, लेकिन यही पल सबसे प्यारी यादें बन जाते हैं। माता-पिता को घुमाने ले जाना बहुत खास एहसास देता है। श्रिया ने आगे बताया, परिवार के साथ छुट्टियां प्लान करना आसान नहीं होता, इसलिए मौका मिले तो हम उसे कभी हल्के में नहीं लेते। हाल ही में मम्मी-पापा की शादी की 40वीं सालगिरह थी तो मैंने एक छोटा सा ट्रिप प्लान किया। इस दौरान मैं उनकी पूरी टूर गाइड बनी रही। तस्वीरों में वियतनाम की खूबसूरत जगहों पर परिवार की मस्ती साफ दिख रही है। यह ट्रिप उनके लिए बेहद यादगार साबित हुई। बता दें कि श्रिया पिलगांवकर 90 के दशक के अभिनेता सचिन पिलगांवकर और अभिनेत्री सुप्रिया पिलगांवकर की बेटी हैं। श्रेया ने भी अपने माता-पिता की तरह सिनेमा की दुनिया में अपने करियर को बनाने का फैसला लिया। बचपन से ही श्रेया फिल्मों में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट काम करती रहीं और छोटे किरदारों के जरिए अपने अभिनय को निखारा। साल 2010 में श्रेया ने चल चलिए नाम की शॉर्ट फिल्म से अपने करियर की शुरुआत की थी।

# एआई कानूनी पेशे के मूल कार्यों की जगह नहीं ले सकती : न्यायमूर्ति विश्वनाथन

**नागपुर/भाषा**

उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन ने शनिवार को कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) कानूनी पेशे के मूल कार्यों की जगह नहीं ले सकती और एक प्रशिक्षित कानूनी दिमाग हमेशा उस बढ़त को बनाए रखेगा जिसे किसी भी 'एल्गोरिदम' द्वारा दोहराया नहीं जा सकता। उन्होंने नागपुर में महाराष्ट्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह में एक सभा को संबोधित किया, जहां भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई विशिष्ट अतिथि थे।

प्रौद्योगिकी का जिक्र करते हुए न्यायमूर्ति विश्वनाथन ने कहा कि 21वीं सदी में वकीलों से प्रौद्योगिकी में नए कौशल विकसित करने की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने कहा, ''समय बचाने वाली हर जिम्मेदारी को मापना और उसमें महारत हासिल करना जरूरी है, जिससे एक स्वाभाविक सवाल उठता है: कानूनी पेशे में एआई की क्या भूमिका है?''

न्यायमूर्ति विश्वनाथन ने कहा कि आप एआई के साथ साझेदारी कर सकते हैं, लेकिन आप एआई को उन मूल कार्यों को बदलने नहीं दे सकते जो आपको करने चाहिए। उन्होंने कहा, ''आपको कम से कम बुनियादी तौर पर यह समझना होगा कि ये उपकरण कैसे काम करते हैं। आपको पता होना चाहिए कि त्वरित इंजीनियरिंग क्या है, इसके परिणाम की परख कैसे की जाती है, और यह कब भ्रामक हो रही है, इसका पता कैसे लगाया जाए।''

न्यायमूर्ति विश्वनाथन ने इस बात पर जोर दिया कि एआई मानव कार्यों की जगह नहीं ले सकता और न ही कभी ऐसा कर पाएगा। उन्होंने कहा, ''आपको इसकी सीमाओं को भी जानना चाहिए, उदाहरण के लिए, यह जानकारी प्राप्त कर सकता है, लेकिन निर्णय नहीं कर सकता; यह मसौदा तैयार कर सकता है, लेकिन परामर्श नहीं दे सकता।''

न्यायमूर्ति विश्वनाथन ने कहा कि अदालत में ऐसे उदाहरण सामने आए हैं जब वकीलों ने एआई द्वारा उत्पन्न उद्धरणों पर भरोसा किया है जो बाद में काल्पनिक साबित हुए हैं। उन्होंने कहा, ''पेशेवर को हुई शर्मिंदगी एक अलग मुद्दा है, लेकिन नुकसान मुवक्किल को हुआ है।''

न्यायमूर्ति विश्वनाथन ने आगे कहा, ''एक प्रशिक्षित कानूनी दिमाग के पास हमेशा एक ऐसी बढ़त होती है जिसे कोई 'एल्गोरिदम' दोहरा नहीं सकता।'' इसी तरह की चिंताओं को दोहराते हुए, उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति ए.एस. चंदूरकर ने भी अपने भाषण के दौरान एआई की भूमिका पर चर्चा की। न्यायमूर्ति चंदूरकर ने टिप्पणी की कि प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब कानूनी पेशे सहित जीवन के हर क्षेत्र को प्रभावित कर रही हैं, और इन्होंने उल्लेखनीय दक्षता और नवाचार का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि हालांकि, इनसे नई और जटिल चुनौतियां भी पेश होती हैं।

न्यायमूर्ति चंदूरकर ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी प्रौद्योगिकी का बुद्धिमानी और जिम्मेदारी से उपयोग करने के लिए अच्छी स्थिति में है। उन्होंने विधि स्नातकों से आग्रह किया कि वे प्रौद्योगिकी को मूलभूत व्यावसायिक कौशल के विकास का स्थान लेने की अनुमति न दें, जिसमें पढ़ना, तर्क करना, मसौदा तैयार करना और मानवीय सहभागिता की आवश्यकता वाली गतिविधियाँ शामिल होंगी।

# पाकिस्तान को ट्रंप का समर्थन भारतीय कूटनीति के लिए झटका, 'विश्वगुरु' बेनकाब हुए: कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। कांग्रेस ने शनिवार को दावा किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष में इस्लामाबाद के प्रति समर्थन जताना भारत की गले मिलने वाली कूटनीति (हग्लोमैसी) के लिए एक और झटका है तथा स्वघोषित विश्वगुरु बेनकाब हो गए हैं।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि ट्रंप बार-बार पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर की तारीफ करते हैं जिसने भड़काऊ बयान देकर पहलगाम आतंकी हमले की भूमिका तैयार की थी। दरअसल ट्रंप ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष में पाकिस्तान के प्रति समर्थन जताया है। उन्होंने कहा, मेरे पाकिस्तान के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। उनके पास एक बेहतरीन प्रधानमंत्री हैं, एक बेहतरीन जनरल हैं... वे उन लोगों में से हैं, जिनका मैं बहुत सम्मान करता हूं। पाकिस्तान इस समय (सैन्य संघर्ष में) बेहद अच्छा कर रहा है।

कांग्रेस नेता रमेश ने ट्रंप के बयान का हवाला देते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया, अफगानिस्तान के साथ युद्ध में पाकिस्तान के लिए राष्ट्रपति ट्रंप का पूर्ण और स्पष्ट समर्थन भारत की गले मिलने वाली कूटनीति (हग्लोमैसी) के लिए एक और झटका है। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने एक बार फिर उस आसिम मुनीर की जमकर प्रशंसा की है, जिसके भड़काऊ बयान ने 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा किए गए आतंकवादी हमले की भूमिका तैयार की थी।

उन्होंने कहा, ''अमेरिका के साथ हमारी आर्थिक कूटनीति बुरी तरह विफल रही है, जिसका प्रमाण यह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अचानक एक स्पष्ट रूप से एकतरफा व्यापार समझौते के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। इस समझौते में भारत ने ठोस प्रतिबद्धताएं की हैं खासकर अमेरिकी किसानों से आयात करने को लेकर, जबकि अमेरिका ने भारत से अधिक निर्यात की अनुमति देने के संबंध में केवल अस्पष्ट आश्वासन दिए हैं। इतना ही नहीं, समझौते के कुछ दिनों बाद अमेरिका ने भारत से सौर उत्पादों पर 125.87 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया।''

कांग्रेस नेता ने कहा, हमारी सामरिक कूटनीति को राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठान के साथ मेलजोल बढ़ाए जाने और भारत और पाकिस्तान का राग अलापने से बार-बार झटका लगा है।

रमेश ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने जतन से पुरस्कार प्राप्त करने में सफल हो सकते हैं। लेकिन सच तो यह है कि स्व-घोषित विश्वगुरु बेनकाब हो गए हैं और दुनिया, खासकर अमेरिका को उनकी पहचान हो गई है।

# नैना के किरदार में खुद को तलाशती दिखीं संदीपा धर

**मुंबई/एजेन्सी**

अभिनेत्री संदीपा धर हालिया रिलीज फिल्म 'दो दीवाने सहर में' में नजर आई थीं। फिल्म में उन्होंने नैना नाम की लड़की का किरदार निभाया था, जो बाहर से एकदम परफेक्ट लगती है, लेकिन अंदर से वह बहुत अकेली और भावनात्मक रूप से टूटी हुई होती है। अभिनेत्री ने हाल ही में आईएएनएस से बातचीत में अपने किरदार के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने फिल्म को चुनने की विशेष वजह नैना का किरदार बताया। उन्होंने कहा, फिल्म में नैना का किरदार मेरे लिए सबसे बड़ा आकर्षण था। बाहर से वह परफेक्ट और खुशहाल दिखती थी, लेकिन अंदर ही अंदर वह बहुत अकेली और इमोशनली टूटी हुई थी। फिल्म में मेरे इस सफर को गहराई से दिखाया गया है। बाहर की परफेक्शन और अंदर की उथल-पुथल को दर्शाना एक्टर के तौर पर मेरे लिए चुनौतीपूर्ण और रोमांचक दोनों था। अभिनेत्री ने आगे फिल्म की कहानी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, बहुत समय बाद एक ऐसी लव स्टोरी दर्शकों के सामने आई है, जो आम नहीं है। यह दो लोगों की कमजोरियों की कहानी है, जो धीरे-धीरे अपनी कमियों को स्वीकार करते हैं और एक-दूसरे को अपनाकर आगे बढ़ते हैं।



अभिनेत्री ने फिल्म को लेकर कहा कि ऐसी कहानियां कम देखने को मिलती हैं, जहां हीरो-हीरोइन अपनी कमजोरियों को जानते हुए भी एक-दूसरे को चुनते हैं। रिलीज के बाद संदीपा काफी संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा, फिल्म रिलीज होने के बाद मुझे बहुत अच्छा लग रहा है, क्योंकि यह वैसी ही बनी है, जैसा मैंने सोचा था। मेरा किरदार भी कुछ उसी तरह से देखा गया है। जब उम्मीदें पूरी होती हैं तो बहुत संतुष्टि मिलती है। मुझे पता था कि सेकंड हाफ में मृणाल के साथ मेरा टकराव वाला सीन अगर सही से किया जाए तो हाइलाइट बनेगा और ऐसा ही हुआ। कई लोगों ने उस सीन की खूब तारीफ की और अपने से रिलेट किया। फिल्म का निर्देशन रवि उद्यावर ने किया है, वहीं संजय लीला भंसाली के साथ प्रेरणा सिंह, उमेश कुमार बंसल और भरत कुमार मिलकर इसे प्रोड्यूस कर रहे हैं। अभिनेत्री ने सभी की तारीफ करते हुए कहा, संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शन का हिस्सा बनना खास था, क्योंकि उनका विजुअल विजन बहुत मजबूत होता है। हमारे डायरेक्टर रवि उदयवार में भी विजुअल स्टोरीटेलिंग की गहरी समझ है। फिल्म में मुंबई और उत्तराखंड की खूबसूरती को जिस तरह दिखाया गया है, वह लाजवाब है। इससे पूरा अनुभव और मजेदार हो गया। उन्होंने अपनी बात को खत्म करते हुए कहा, फिल्म ने अपनी कहानी के जरिए कई गहरे मुद्दों को छुआ हैं, जैसे भाई-बहनों में तुलना, वैलिडेशन की जरूरत, सेल्फ-वर्थ, सिस्टरहुड, फैमिली वैल्यूज और परिवार में कभी-कभी होने वाली टॉक्सिसिटी भी। यह आज के रिश्तों और इमोशनल संघर्षों पर एक सच्चा नजरिया देती है।





# रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की पहली फिल्म 'राणाबाली' का प्रोमो सॉन्ग रिलीज

**मुंबई/एजेन्सी**

साउथ सिनेमा इंडस्ट्री के सबसे लोकप्रिय कपल रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की लंबे समय से सुर्खियों में बनी शादी 26 फरवरी को उदयपुर में एक निजी सेरेमनी में संपन्न हुई। यह जोड़ी बहुत जल्द एक साथ फिल्म में नजर आने वाले हैं। शादी के बाद भी रश्मिका और विजय लगातार लाइमलाइट में बने हुए हैं। शनिवार को 'टी-सीरीज तेलुगू' ने अपने यूट्यूब चैनल पर 'एन्धाय्या सामी स्पेशल सरप्राइज' नाम से एक वीडियो रिलीज किया, जिसमें रश्मिका और विजय की आगामी तेलुगू भाषी ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म 'राणाबाली' का प्रोमो सॉन्ग जारी किया गया। राणाबाली टीम की ओर से यह स्पेशल सरप्राइज, राणाबाली और जयम्मा के जीवन के इस खास पल का जश्न मनाते हुए शेयर किया गया है। मूवी का प्रोमो सॉन्ग रिलीज होते ही फैंस का उत्साह काफी बढ़ गया है। शादी के बाद कपल की यह पहली फिल्म है, जिसमें दोनों पर्दे पर एक साथ नजर आएंगे। फैंस ऑन और ऑफ स्क्रीन इस जोड़ी के दीवाने हैं।

वीडियो पर कुछ ही घंटों में लाखों व्यूज और कमेंट्स आ चुके हैं, जिसमें रश्मिका और विजय की अपकमिंग मूवी से शादी के सीन को दिखाया गया है। स्क्रीन पर कपल की जबरदस्त रोमांटिक केमिस्ट्री फैंस को काफी पसंद आ रही है। वीडियो के सिंगर श्वेता मोहन और अजय गोगावले हैं। संगीतकार अजय अतुल हैं। सरस्वतीपुत्र रामजोगय्या शास्त्री गीतकार हैं। वहीं, रिकॉर्डिंग और मिक्सिंग विजय दयाल ने की है और संगीत रचना, संयोजन, निर्माण और संचालन अजय अतुल हैं। 'राणाबाली' मूवी के पोस्टर को रश्मिका और विजय ने शनिवार को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया है। फिल्म के पोस्टर को स्टोरी पर शेयर करते हुए अभिनेत्री ने लिखा, यह हमारे लिए एक बहुत ही प्यारा सरप्राइज है और अब यह आपके लिए भी एक सरप्राइज है।

राणाबाली और जयम्मा, ये हम हैं। मूवी 'राणाबाली' में रश्मिका (जयम्मा) और विजय (रणाबाली) के मुख्य किरदार को निभाते नजर आएंगे, जो 11 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। राहुल सांकृत्यायन द्वारा निर्देशित फिल्म की कहानी 19वीं सदी के ब्रिटिश शासित भारत और रायलसीमा के इतिहास से प्रेरित है।

प्रचार



एक्टर अक्षय कुमार और निधि अग्रवाल शनिवार को मुंबई में 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' के सेट पर देखे गए।

# 'इक्कीस' को मिली प्रतिक्रिया से हैरान हैं, उम्मीद है ओटीटी पर और लोग देखेंगे: श्रीराम राघवन

**मुंबई/भाषा**

फिल्म निर्माता श्रीराम राघवन का कहना है कि वे अपनी युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म 'इक्कीस' को मिली प्रतिक्रिया से हैरान थे, लेकिन अब उन्हें उम्मीद है कि ओटीटी पर रिलीज होने के बाद और भी लोग इस फिल्म को देखेंगे।एक जनवरी को रिलीज हुई फिल्म 'इक्कीस' लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के जीवन पर आधारित फिल्म है, जिसमें अमिताभी बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा ने युद्ध नायक की भूमिका निभाई है। फिल्म को इसकी कहानी के लिए सकारात्मक समीक्षाएं मिलीं, लेकिन यह दर्शकों को सिनेमाघरों तक बड़ी संख्या में आकर्षित नहीं कर पाई।

राघवन ने कल शाम स्क्रीनराइटर्स एसोसिएशन (एसडब्ल्यूए) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, फिल्म 'इक्कीस' को रिलीज होने के बाद मिली प्रतिक्रिया से हम वास्तव में काफी हैरान थे। मुझे उम्मीद है कि लोग ओटीटी पर फिल्म देखेंगे।'इक्कीस' बृहस्पतिवार को स्ट्रीमिंग सेवा प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई। यह राघवन की युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित पहली फिल्म है, जिन्हें बॉलीवुड में 'जॉनी गद्दार', 'एक हसीना थी' और 'अंधाधुन' जैसी थ्रिलर फिल्मों के लिए जाना जाता है। फिल्म 'इक्कीस' में नंदा ने खेत्रपाल की भूमिका निभाई है, जो 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में बसंतर की लड़ाई के दौरान 21 वर्ष की आयु में शहीद हो गए थे। फिल्म में दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र, जयदीप अहलावत और अन्य कलाकारों ने भी भूमिका निभाई है।



# लक्ष्मीप्रिया देवी की फिल्म 'बूंग' छह मार्च को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी

नई दिल्ली/भाषा। अभिनेता-फिल्म निर्माता फरहान अख्तर ने शुक्रवार को घोषणा की कि लक्ष्मीप्रिया देवी द्वारा निर्देशित बाफ्टा पुरस्कार विजेता फिल्म 'बूंग' छह मार्च को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी।फिल्म में मणिपुर की घाटी में रहने वाले बूंग (जिसका किरदार गुगुन किपगेन ने निभाया है) नाम के एक लड़के की कहानी 'बूंग' में दिखाई गई है, जो अपनी मां को एक उपहार देकर चौंकाना चाहता है। इस फिल्म का निर्माण अख्तर और रितेश सिधवानी ने अपने बैनर एक्सेल एंटरटेनमेंट के तहत किया है। यह फिल्म देवी की पहली निर्देशित फिल्म भी है।अख्तर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्ट के जरिए यह खबर साझा की, जिसमें फिल्म का पोस्टर और रिलीज की तारीख लिखी हुई थी। शीर्षक में लिखा था, मासूमियत, प्यार और दृढ़ता की एक यात्रा।

भारत की पहली बाफ्टा पुरस्कार विजेता फिल्म देखें, छह मार्च को सिनेमाघरों में।इस फिल्म ने हाल ही में 22 फरवरी को लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में आयोजित 79वें बाफ्टा फिल्म पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ बाल एवं पारिवारिक फिल्म का पुरस्कार जीता।

इसे 'आर्को', 'लिलो एंड स्टिच' और 'ज़ूट्रोपोलिस 2' के साथ नामांकित किया गया था और यह बाफ्टा पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय फिल्म बनी।'बूंग' का विश्व प्रीमियर 2024 में टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में हुआ था और इसके बाद इसे अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव भारत और एमएएमआई मुंबई फिल्म महोत्सव सहित कई अन्य समारोहों में प्रदर्शित किया गया।

# 25 साल पुराने कपड़ों को आज भी आलमारी में रखी हैं जीनत अमान



**नई दिल्ली/एजेन्सी**

पुरानी चीजें हमेशा खास होती हैं। वे यादों का खजाना हों या वस्तु, जिसे हर बार देखने पर पुरानी खुशियां, पल और भावनाएं ताजा हो जाती हैं। अभिनेत्री जीनत अमान भी यही मानती हैं। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि 25 साल पुराने कपड़े आज भी उनकी अलमारी में रखे हैं, क्योंकि अच्छी चीजें कभी पुरानी नहीं होतीं। 70-80 के दशक में 'सत्यम शिवम सुंदरम', 'रोटी कपड़ा और मकान', 'लावारिस', और 'हरे रामा हरे कृष्णा' जैसी फिल्मों से सुपरस्टार बनीं जीनत आज भी अपनी फिटनेस और फैशन सेंस से सबको इंस्पायर करती हैं। वह अक्सर सोशल मीडिया पर ऐसी पोस्ट्स करती हैं जो न सिर्फ मनोरंजक होती हैं, बल्कि जीवन के साधारण लेकिन गहरे पहलुओं को भी छूती हैं। वह अक्सर पुरानी फिल्मों या एक्टर्स से जुड़े किस्से-कहानियां शेयर करती रहती हैं। जीनत अमान का मानना है कि पुरानी चीजें ही सोना होती हैं यानी ओल्ड इज गोल्ड। जीनत ने इंस्टाग्राम पर एक मजेदार पोस्ट में लिखा कि 'ओल्ड इज गोल्ड' और पुराने कपड़े उनके लिए आज भी खास हैं। उन्होंने कहा कि अच्छे कपड़ों को सिर्फ इसलिए फेंक देना कि वे पहले पहने जा चुके हैं, यह बात उन्हें कभी समझ नहीं आई।

उन्होंने एक खूबसूरत आउटफिट की तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा, ओल्ड इज गोल्ड, आपको नहीं लगता! किसी इवेंट के लिए बाहर निकलने से पहले अपार्टमेंट बिल्डिंग के फॉयर में मस्ती कर रही हूं। मुझे कपड़े रिपीट करने का बहुत शौक है। जीनत ने बताया कि पिछले साल उन्होंने इस ब्रांड के लिए शूट किया था और अब इसे फॉर्मल इवेंट्स में दोबारा पहन रही हैं। स्प्रिंग क्लीनिंग करते समय जीनत को अपनी अलमारी में कई ऐसे कपड़े मिले, जो 25 साल से भी पुराने हैं। उन्होंने फैंस से पूछा, क्या आपकी अलमारी में भी कोई ऐसा कपड़ा है, जिसे आपने इतने सालों से बार-बार इस्तेमाल किया है? मुझे कमेंट्स में पढ़ना अच्छा लगेगा।



# आऊवा महिला मंडल की मासिक संगोष्ठी सम्पन्न

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। स्थानीय आऊवा महिला मंडल की मासिक संगोष्ठी अध्यक्ष मंजू चंडालिया की अध्यक्षता में उपाध्यक्ष मधुबाई पावेचा के निवास पर आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री हर्षा चोपड़ा के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने आगामी वुमेंस डे की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में सशक्त है और ऐसा कोई कार्य नहीं है जिसे वह करने में सक्षम न हो।

संगोष्ठी के दौरान होली पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नेहा पावेचा ने बताया गया कि होली प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देने वाला पावन पर्व है। रेखा पावेचा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी में सदस्याओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।



# 'खागा व्यापार उत्सव' में ग्राहकों को मिल रहे हैं प्रति सप्ताह 25 टीवी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय कर्नाटक होजरी एंड गारमेंट एसोसिएशन(खागा) द्वारा आयोजित गतिमान 'खागा व्यापार उत्सव' में अब तक 250 व्यापारी इस उत्सव का हिस्सा बन चुके हैं और इसके तहत थोक में 10000 रुपए की खरीद पर एक कूपन दिया जा रहा है जो कि ग्राहकों को आकर्षिक कर रहा है। खागा के पूर्व अध्यक्ष सज्जनराज मेहता ने बताया कि इस उत्सव के तहत प्रति सप्ताह 25 टीवी सेट लकी ड्रा द्वारा निकाले जा रहे है और मुख्य बम्पर ड्रा 15 अप्रैल को प्रस्तावित हैं। उसी श्रृंखला में शनिवार को एक विजेता ग्राहक को अध्यक्ष प्रकाश भोजानी, पूर्व अध्यक्ष व उत्सव संयोजक दिलीप कुमार जैन, सहमंत्री विकास जैन, बलवंत मेहता और गौरव शर्मा ने टीवी सेट प्रदान किया।



# जेआईआईएफ स्पार्क्स कार्यक्रम में विस्तार से हुई व्यापार विकास की चर्चा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो इनक्यूबेशन और इनोवेशन फाउंडेशन (जेआईआईएफ) के तहत जैन इन्टरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन (जीतो) साउथ द्वारा जयनगर में एक इंटरैक्टिव सत्र 'जेआईआईएफ स्पार्क्स' इंटरएक्टिव ग्रोथ डायलॉग का आयोजन किया। इस आयोजन में रिटेल और डी2सी समुदाय के 85 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। जीतो के पदाधिकारियों, प्रायोजकों, वक्ताओं और प्रबंधन समिति के सदस्यों ने दीप प्रज्ज्वलन किया। जीतो साउथ के मुख्य सचिव नितिन लुनिया ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। जेआईआईएफ के निदेशक शैलेश हरन ने जीतो इन्क्युबेशन सेंटर, जीतो एंजेल नेटवर्क और जीतो शार्क एंजल्स के बारे में बताते हुए कहा कि गत छह वर्षों में 50 से अधिक स्टार्टअप्स का समर्थन किया है।

केकेजी ज़ोन जेआईआईएफ संयोजक विकास गुलेच्छा ने बताया कि जेआईआईएफ स्टार्टअप्स का समर्थन करता है। पैनल चर्चा में इंडिया एसईएम इन्वेस्टमेंट के निदेशक मयंक नायक ने व्यवसाय को बढ़ाने, बनाना क्लब के संस्थापक नील बाफना ने एक दुकान से भारत भर में कई स्टोर तक विस्तार, कुशल्स फैशन ज्वैलरी के सहसंस्थापक कल्पेश गुलेच्छा ने रिटेल स्टोरों के सामने आने वाली चुनौतियों पर तथा जेएनबी के संस्थापक धीरज बाफना ने व्यवसाय के विकास में तकनीक विषय पर चर्चा की। इसके अलावा अनेक युवा उद्यामियों ने अपने व्यवसाय की जानकारी दी। जीतो के पदाधिकारियों ने पैनलिस्टों और प्रायोजकों को सम्मानित किया। इस मौके पर जेआईआईएफ के राष्ट्रीय संयोजक संजय सेठिया, केकेजी ज़ोन के कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश जैन, उपाध्यक्ष महेंद्र जियानी और राजेंद्र दांतेवाड़िया, सचिव प्रतीक गांधी, संयुक्त कोषाध्यक्ष महावीर दांतेवाड़िया व नरेंद्र संकलेचा, जेआआईआईएफ संयोजक मनीष गुलेच्छा और सह-संयोजक महावीर भंसाली सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे। सत्र का संचालन प्रतिक गांधी ने किया।



# मैसूरु में भी गूंजा बाबा श्याम का जयकारा, आयोजित हुई भजन संध्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। शहर के खाटू श्याम भक्त मंडल के तत्वावधान में शुक्रवार को श्याम भजन संध्या का आयोजन देवराज मोहल्ला स्थित यादव समुदाय भवन में किया गया। इस महोत्सव में बाबा श्याम की शोभायात्रा निकाली गई। महिलाएं ने मंगलगीत गाए तो युवाओं ने पारंपरिक गैर नृत्य की प्रस्तुति दी। दोपहर से शुरू हुए भजन कीर्तन कार्यक्रम में बाड़मेर की भजन गायिका ज्योति शर्मा, दुर्गेश मारवाड़ी पाली ने गणेश वंदना से अपनी प्रस्तुतियां प्रारंभ की तथा अनेक राजस्थानी व हिन्दी भाषा में भजन प्रस्तुत किए। बाल नृत्यांगना अवनी पटेल तथा कल्पना पटेल ने भजनों पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। भजनों का दौर देर रात तक चलता रहा। कार्यक्रम में कर्नाटक कुमावत समाज गैर मंडल, सीरवी समाज गैर मंडल केआरएस रोड़ तथा घांची समाज गैर मंडल का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में महेंद्रसिंह राजपुरोहित सहित विभिन्न संघ समाज के पदाधिकारियों व बेंगलूरु के श्याम भक्तों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कार्यकारिणी सदस्य पवन पंवार, प्रवीण परिहार, देवेंद्र परिहारिया, विकास राठौड़, रमेश सोलंकी, दिनेश पंवार, मदनलाल सोलंकी, दीपक सोलंकी, कैलाश राठौड़, मोतीसिंह राजपुरोहित आदि ने अपनी सहभागिता निभाई।

# बजाज रामजीवन चेरिटेबल ट्रस्ट ने शुरू की 'नि:शुल्क मोक्षरथ' सेवा




बेंगलूरु/दक्षिण भारत । शहर के विभिन्न समाजसेवी कार्यों में अग्रणी ट्रस्ट 'बजाज रामजीवन चेरिटेबल ट्रस्ट' ने अपने समाजसेवा के क्षेत्र को बढ़ाते हुए 'नि:शुल्क मोक्षरथ' सेवा की शुरुआत की है।

ट्रस्ट व एवनप्लास्ट कम्पनी के प्रमुख सुनील बजाज ने बताया कि ट्रस्ट मोक्षरथ वाहन के माध्यम से 'मृतक शरीर को शमशनघाट तक निशुल्क ले जाने की' सेवा प्रदान करेगा। इस नि:शुल्क सेवा को प्राप्त करने के लिए मोबाइल क्रमांक 9448070337 या 9035920842 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# छाजेड़ परिवार मंडल का स्नेह मिलन 22 मार्च को

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। स्थानीय छाजेड़ परिवार मंडल, कर्नाटक अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 22 मार्च को अपना दसवां छाजेड़ स्नेह मिलन समारोह आयोजित कर रहा है। शुक्रवार को आयोजित कार्यसमिति की बैठक में अध्यक्ष धर्मीचंद छाजेड़ ने बताया कि इस स्नेह मिलन समारोह में भुवाल माताजी की आरती और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। महामंत्री नरेंद्र कुमार छाजेड़ ने बताया कि गणेश बाग में आयोजित इस मिलन समारोह में छाजेड़ मंडल चेन्नई से आने वाले अतिथियों व लाभार्थियों का सम्मान किया जाएगा।



# बर्बरीक श्याम भक्तों ने श्याम मंदिर में चढाएं 351 निशान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। फाल्गुन और खाटू श्याम बाबा के मेले के अवसर पर शनिवार को शहर के बर्बरीक भक्त मण्डल के तत्वावधान में निशान यात्रा का आयोजन किया गया। मंडल के प्रमुख सदस्य पंडित दीपक शर्मा ने बताया कि प्रथम बार आयोजित इस निशान यात्रा में सुबह 7.30 बजे बन्नरघट्टा रोड स्थित मुकाम्बिका देवी मंदिर में निशान पूजन की गई व अखण्ड ज्योत प्रज्ज्वलित की गई। पूजन के बाद श्रद्धालु पैदल यात्रा करते हुए फूलों की होली खेलते और बाबा के भजनों पर झूमते हुए खाटू मंदिर पहुंचे और 351 श्रद्धालुओं ने बाबा को निशान अर्पण किए। इस निशान यात्रा में पंडित दीपक शर्मा के साथ राकेश दाधीच, सुजीत शर्मा, तेजपाल शर्मा, रामावतार शर्मा, संदीप शर्मा, दीपक शर्मा आदि ने व्यवस्था संभाली। इस मौके पर श्याम गौशाला के प्रमुख सतीश गोयल, सुंदर सोमानी, किरोड़ीमल बंसल, देवीलाल गोयल आदि ने श्याम भक्तों का स्वागत किया। शहर की विभिन्न धार्मिक संस्थाओं ने निशान यात्रा के मार्ग में जल सेवा व अन्य सेवा प्रदान की।

# जलवायु के लिहाज से एआई एक बड़ा अवसर होने के साथ गंभीर खतरा भी है: यूएनईपी अधिकारी

नई दिल्ली/भाषा। संयुक्त राष्ट्र के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जलवायु संकट से निपटने में महत्वपूर्ण क्षमता रखती है, लेकिन इसकी उच्च ऊर्जा और जल आवश्यकताएं यदि ठीक से प्रबंधित न की जाएं तो यह पर्यावरणीय चुनौतियों को और भी बदतर बना सकती है।संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) में जलवायु परिवर्तन प्रभाग के निदेशक मार्टिन क्राउज़ ने 'पीटीआई-वीडियो' के साथ साक्षात्कार में कहा कि जलवायु के दृष्टिकोण से एआई एक विशाल अवसर और एक गंभीर जोखिम दोनों प्रस्तुत करता है।

जलवायु समाधान के तहत एआई के उदाहरणों का हवाला देते हुए अधिकारी ने एआई-संचालित प्रारंभिक मौसम चेतावनी प्रणालियों, नवीकरणीय ग्रिड एकीकरण और उत्सर्जन स्रोतों का तुरंत पता लगाने के लिए उपग्रह-आधारित चेतावनी प्रणालियों पर प्रकाश डाला। साथ ही डेटा केंद्रों की महत्वपूर्ण जल और ऊर्जा मांगों पर चिंता व्यक्त की।दिल्ली में हाल में संपन्न हुए 'एआई इम्पैक्ट समिट' में भाग लेने वाले क्राउज ने 'पीटीआई-वीडियो' को बताया, ''एआई पहले से ही बाढ़ और तूफान जैसी मौसम संबंधी चेतावनियों का अनुमान लगाने में काफी अधिक सटीकता के साथ मदद कर रहा है और अगर इसे बड़े पैमाने पर उपयोग में लाया जाता है तो यह करोड़ों लोगों की रक्षा कर सकता है।'

''इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' नई दिल्ली में 16 से 20 फरवरी तक आयोजित हुआ था जिसमें शासन, नवाचार और सतत विकास के क्षेत्र में एआई की परिवर्तनकारी क्षमता पर ध्यान केंद्रित किया गया।एआई डेटा केंद्रों द्वारा व्यापक ऊर्जा खपत की आवश्यकता को देखते हुए यूएनईपी के जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रमुख ने जीवाश्म ईंधन से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में वृद्धि को रोकने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा को एकीकृत करने के महत्व पर बल दिया।

# पाकिस्तान के साथ मेरे अच्छे संबंध हैं और वे बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं: ट्रंप

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन/भाषा। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उनके पाकिस्तान के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं और वह देश ''बहुत अच्छा'' प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा, ''पाकिस्तान के साथ मेरे संबंध बहुत अच्छे हैं। आपके पास एक महान प्रधानमंत्री हैं, एक महान जनरल हैं। आपके पास एक अच्छा नेता हैं, दो ऐसे लोग जिनका मैं वास्तव में बहुत सम्मान करता हूं और मुझे लगता है कि पाकिस्तान बहुत बढ़िया प्रदर्शन कर रहा है।'' ट्रंप से पाकिस्तान द्वारा अफगानिस्तान के खिलाफ शुरू किए गए ''खुले युद्ध'' को लेकर सवाल किया गया था और यह भी पूछा गया था कि क्या वह लड़ाई रोकने के लिए हस्तक्षेप करेंगे। अमेरिका की राजनीतिक मामलों की उप विदेश मंत्री एलिसन हुकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने शुक्रवार को पाकिस्तान की विदेश मंत्री आमना बलूच से बात की तथा ''पाकिस्तान और तालिबान के बीच हाल में हुए संघर्ष में जान गंवाने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## होली




मथुरा में होली मनाने के लिए द्वारकाधीश मंदिर में भक्तों की शनिवार को भीड़ उमड़ी।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## कविता



# रँगने का ढंग है, न रँगाने का ढंग है

रँगने का ढंग है, न रँगाने का ढंग है,
आँखों में सबकी खाई है, दिल में सुरंग है।

हैं गालियाँ जबान पे, अब फाग की जगह,
हाथों में ढोल है, न नगाड़ा मृदंग है।

पिचकारियों में रंग के, बदले हैं तल्खियाँ ,
ये देखकर दयार में फागुन भी दंग है।

पीकर हज़ार बार, इसे देख चुके हैं,
चढ़ता नहीं नशा, कभी ये कैसी भंग है।

रँगवाना चाहते हैं, मगर इस जहान में ,
उतरे न चढ़के जो, कभी क्या ऐसा रंग है ।

खुलकर किसी से कोई, नहीं मिलता आजकल,
बस्ती में इसलिए, पड़ी फ़ीकी उमंग है ।

'नवरंग' चाहकर भी, किसी को न रँग सके,
हर शख़्स रंगहीन है, दिल से निहंग है ।

डॉ.माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग'
मो.9424141875

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक
www.dakshinbharat.com



# अग्रसेन भवन में आयोजित भजन संध्या में बही श्याम भक्ति की बयार

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । शहर के जयनगर स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में फाल्गुन के अवसर पर शुक्रवार को श्याम भक्त मंडल के तत्वावधान में श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया गया। इस भजन संध्या में ज्योत प्रज्वलन के बाद स्थानीय भजन गायकों सहित भागलपुर से आए गायक राहुल सोनी के एक से बढ़कर एक मधुर भजन प्रस्तुत किए।

राहुल सोनी ने श्याम धुन व श्याम जयकारों के साथ भजनों की शुरूआत की। जब गायकों ने 'बांसुरी वाले की धुन में खो जाऊं..., साँवरियो रंगीलो रंगीलो बाबा श्याम...., सियाराम की चरणों के दास बालाजी ..' भजन गाए तो श्रद्धालुओं ने नाचते हुए झूमते हुए बाबा के दरबार में हाजरी लगाई। गायक कलाकार का मंडल द्वारा मैसूर साफा पहनाकर सम्मान किया । उस अवसर पर श्याम मंदिर ट्रस्ट , दादी धाम प्रचार समिति , श्याम सखा परिवार, श्याम सेवा संघ, बर्बरीक भक्त मंडल आदि अनेक संस्थाओं के सदस्य उपस्थित थे। मंडल के वरिष्ठ सदस्य संतोष केडिया ने सभी श्याम भक्तों को धन्यवाद दिया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



**क्रिकेट प्रतियोगिता :** बेंगलूरु ने नागरभावी स्थित अंबेडकर महाविद्यालय द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता 'क्रिकेट लीग-2026' का आयोजन किया गया, जिसमें 10 से भी ज्यादा महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल में जीत या हार मुख्य नहीं होती, खेल में मुकाबला होना चाहिए जिससे खेलने वाले को भी आनंद आए और देखने वाले को भी आनंद आए। आयोजकों ने मुणोत को सम्मानित किया।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com/**RNI No. 58061/93.**